


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 23 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-025 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## झालमुरी मैंने खाई और टीएमसी को मिर्ची लगी : नरेन्द्र मोदी



**कोलकाता,23 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने दूसरे फेज में होने वाली सीटों पर चुनैवी रैली की। कृष्णानगर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सत्तारुढ़ पार्टी टीएमसी पर करारा वार किया। पहले चरण में हो रही बंपर वोटिंग से खुश पीएम मोदी ने कहा कि झालमुरी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी से मुक्ति के लिए लोग वोट दे रहे हैं। प्रधानमत्री ने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग चल रही है। मैं सभी मतदाताओं से कहना चाहूंगा कि इस बार वोटिंग के नए रिकॉर्ड बनने चाहिए। पीएम ने कृष्णानगर में कहा कि टीएमसी की सरकार ने 15 साल में एक ही काम किया। उन्होंने बंगाल में सिर्फ सिंडिकेट बनाए और इस धरती को लूटा। उन्होंने आगे कहा की यह पिछले 50 साल में पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें हिंसा कम से कम हुई है। वरना यहां गुंडाराज चलता था। मैं चुनाव आयोग का अभिवादन करता हूं कि वह बंगाल में शांतिपूर्वक चुनाव करवा पा रहे हैं। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं।चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाने पर उन्होंने कहा – झालमुड़ी मैंने खाई है, और झाल उन्हें लग रही है। 4 मई के बाद बंगाल में सुरक्षा की गारेंटी शुरु आने वाली है। . 4 मई को बंगाल में मिठाई के साथ झालमुरी भी बांटी जाएगी। बता दें कि बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे फेज की 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। 2021 के विधानसभा चुनावों में 142 में से 114 पर टीएमसी को जीत मिली थी, वहीं भाजपा को 27 सीटें मिली थीं। दूसरे फेज में जिन सीटों पर वोटिंग होगी, उनमें सीएम ममता बनर्जी की भवानीपुर विधानसभा सीट भी शामिल है।

## बंगाल में बवाल के दौरान भारी मतदान

### टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हुमायूं कबीर के काफिले पर पथराव

**कोलकाता,23 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच जमकर बवाल हो रहा है। बंगाल में चुनावी हिंसा का केंद्र मुर्शिदाबाद है। मुर्शिदाबाद में जमकर चुनावी हिंसा हो रहा है। मुर्शिदाबाद के नाओदा में आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर के कार्यकर्ताओं और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बवाल हुआ है। टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हुमायूं कबीर के काफिले पर पथराव कर दिया। पथराव से हुमायूं कबीर की गाड़ी समेत कई गाड़ियों के शीशे भी टूट गए हैं। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया है।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान मुर्शिदाबाद में हिंसा का तांडव जारी है। रेजीनगर से जनता उन्नयन पार्टी उम्मीदवार हुमायूं कबीर के काफिले पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जानलेवा हमला किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीएमसी कार्यकर्ताओं की बड़ी भीड़ ने अचानक हुमायूं कबीर की कार को घेर लिया। हमलावरों के हाथों में लाठियां, डंडे और ईंटें थीं। इसके बाद जानलेवा हमले कर दिया। पथराव से हुमायूं कबीर की गाड़ी समेत कई गाड़ियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षाकर्मी जल्दी से हुमायूं कबीर को निकालर ले गए हैं। मालदा जिले के हरिश्चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तृणमूल कांग्रेस के ही दो गुट आपस में भिड़ गए। यह विवाद इतना बढ़ गया कि राज्य के निवर्तमान मंत्री ताज़मुल हुसैन के पैतृक गांव बांगरुआ (बूथ संख्या 200 और 201) में टीएमसी के एक चुनावी कैंप ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की गई। हरिश्चंद्रपुर-I ब्लॉक पंचायत समिति में टीएमसी के नेता स्वपन अली ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए दावा किया है कि मंत्री ताज़मुल हुसैन और उनके समर्थक खुलेआम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे है। स्वपन अली का आरोप है कि मंत्री के ही निर्देश पर उनके समर्थकों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर टीएमसी के कैंप ऑफिस पर हमला किया, पार्टी के झंडे फाड़े और बैनरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

सिलीगुड़ी में मतदान के दौरान टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई है। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ स्थित बूथ संख्या 26/237 पर मतदान की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान मतदान केंद्र के बाहर तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच अचानक बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद गरमा गया और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी।

### भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु को दौड़ाकर पीटा

पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के दौरान कई जगहों से हिंसा की खबरे हैं। एक तरफ हुमायूं कबीर की कार को घेरकर पत्थरबाजी हुई है तो वहीं भाजपा के दिनाजपुर से कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को दौड़ाकर पीटा गया और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की नौबत आ गई।

### कचरे के ढेर में मिला बच्चों का गणवेश

**बलरामपुर,23 अप्रैल।** बलरामपुर जिले में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। चांदो स्थित एक शासकीय स्कूल परिसर में बच्चों को बांटे जाने वाले गणवेश कचरे के ढेर में पड़े मिले हैं। बड़ी मात्रा में ड्रेस मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, स्कूल परिसर में बने कचरा घर में बच्चों के लिए आए गणवेश फेंके हुए मिले। यह वही ड्रेस हैं जिन्हें सरकारी योजना के तहत विद्यार्थियों में वितरित किया जाना था। गणवेश कचरे में मिलने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में नाराजगी देखी जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी बलरामपुर जिले में गणवेश वितरण में गड़बड़ी के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में एक बार फिर इस तरह की घटना ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को नवा रायपुर अटल नगर स्थित नए विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी मुद्दों के निपटान को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने आज एक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ विधानसभा के छठे सत्र का नौवां सत्र गुरुवार, 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। सत्र के दौरान कुल एक बैठक होगी। आदेश में कहा गया है कि सत्र के दौरान सरकारी कामकाज का संचालन किया जाएगा।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा था कि महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी मुद्दों के निपटान को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित करने के लिए विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की महिलाओं के साथ घोर अन्याय हुआ है और दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की पहल का विरोध किया था। साई ने कहा कि इस मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव पारित करने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है।

### पिकअप डिवाइडर से टकराया, एक की मौत

**बिलासपुर,23 अप्रैल।** जिले के सरकंडा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां शिव घाट बैराज के पास एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में दर्जनभर से अधिक लोग सवार थे जो एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे; इसी दौरान जल्दी घर पहुंचने की होड़ में चालक ने मुख्य मार्ग के बजाय शॉर्टकट रास्ता चुना और बैराज के समीप संतुलन खो बैठा। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी पंकज पटेल ने बताया कि यह हादसा प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही का नतीजा नजर आ रहा है.

## मां के सामने बड़े भाई को जिंदा जलाया,मौत

**महासमुंद,23 अप्रैल।** जिले के ग्राम आमगांव में जमीन विवाद को लेकर एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को मां के सामने कमरे में बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी कृष्णकांत दुबे (38) अपनी कथित पत्नी मालती साहू के साथ मंगलवार को पैतृक गांव आमगाँव पहुंचा था। यहां उसकी मां तीरथबाई और छोटा भाई दौलत दुबे रहते हैं और दोनों ही जमीन की देखरेख करते हैं।पिछले लंबे समय से दोनों भाइयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम कृष्णकांत ने घर पहुंचकर जमीन बंटवारे की बात की, जिस पर छोटे भाई दौलत ने फिलहाल चर्चा से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और झगड़ा हिंसक हो गया। विवाद के दौरान कृष्णकांत ने डंडे से दौलत पर हमला किया, जिसके जवाब में दौलत ने हंसिए से उस पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने कृष्णकांत को धान और महुआ से भरे कमरे में धकेलकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद दुकान से पेट्रोल लाकर उसने कमरे में आग लगा दी। इस दौरान कृष्णकांत की मां और मालती साहू मौके पर मौजूद थीं, लेकिन आग लगने के बाद उसे बचाने की कोशिशें नाकाम रहीं।



आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया गया, लेकिन मदद के लिए कोई भी आगे नहीं आया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 70 प्रतिशत जली अवस्था में शव को बाहर निकाला। बागबाहरा पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी दौलत दुबे को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और घटनाक्रम के हर पहलू की पड़ताल की जा रही है।

## पत्नी का कटा सिर लेकर गांव में घूमता रहा पति



**कोरबा,23 अप्रैल।** कोरबा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बालको थाना क्षेत्र के रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बुंदेली में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी और उसका कटा हुआ सिर लेकर गांव में घूमता रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बुंदेली निवासी सालिक राम यादव (पिता राम प्रसाद यादव) मजदूरी करता था और गांव के एक फार्म हाउस में रहकर काम करता था। बुधवार शाम पत्नी के साथ विवाद के बाद उसने शराब के नशे में धारदार हथियार से उसकी गर्दन काट दी। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी का धड़ घर में ही छोड़ दिया और कटे हुए सिर को प्लास्टिक की बोरी में रखकर उसी में हथियार भी डाल दिया। इसके बाद वह मोटरसाइकिल से रजगामार पुलिस चौकी की ओर निकल पड़ा। रास्ते में एक पोल्ट्री फार्म के पास रुककर उसने लोगों से कहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और पुलिस के पास जा रहा है। पहले तो लोगों को उसकी बात पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब लोगों के कहने पर उसने बोरी खोलकर सिर और हथियार दिखाया तो वहां हड़कंप मच गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी उस पर चरित्र को लेकर शक करती थी, जिस वजह से दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

### ट्रंप का विवादित पोस्ट: भारत-चीन को बताया नरक जैसी जगह

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के एक पत्र को रीपोस्ट किया है, जिसमें भारत, चीन और अन्य देशों को "नरक जैसी जगह" कहा गया है। अमेरिका के जन्मसिद्ध नागरिकता कानून में बदलाव की मांग करते हुए अपने नस्लवादी बयान में सैवेज ने दावा किया कि इन दो एशियाई देशों के लोग अमेरिका में "नौवें महीने में बच्चा पैदा करने" आते हैं और यह कानून उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिक बना देता है। इस लंबे नोट के जरिए सैवेज अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में जन्मसिद्ध नागरिकता पर चल रही बहसों पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने अमेरिका में गैर-नागरिकों के यहां पैदा हुए बच्चों को अपने-आप नागरिकता मिल जाने के विचार पर हमला बोला और इस मामले को अदालतों पर छोड़ने के बजाय एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराने की मांग की।उन्होंने उस पत्र में लिखा, "यहां पैदा होते ही बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है और फिर वे चीन, भारत या दुनिया के किसी अन्य 'नरक-समान' जगह से अपने पूरे परिवार को यहां ले आते हैं।"

## जीएडी का यू-टर्न,विवादित आदेश वापस

**रायपुर,23 अप्रैल।** सामान्य प्रशासन विभाग ने 24 घंटे के भीतर ही यूटर्न ले लिया है। जीएडी ने पूर्व में जारी आदेश को वापस ले लिया है। बता दें, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने जीएडी द्वारा जारी आदेश का जमकर विरोध किया था। माना जा रहा है, विरोध के बाद जीएडी ने विवादित आदेश को वापस ले लिया है। सरकार ने सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को बिना अनुमति राजनीतिक या अन्य पद ग्रहण करने से रोकने के संबंध में 24 घंटे पहले आदेश जारी किया था। विरोध को देखते हुए जीएडी ने आदेश को स्थगित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार को इस संबंध में विभाग प्रमुखों को सूचना जारी कर दी गई। बताया जा रहा है कि आदेश को लेकर उठे विवाद के बाद यह निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 21 अप्रैल को जारी अपने आदेश में लिखा था, कोई भी शासकीय सेवक बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी राजनीतिक पद या अन्य संस्था में पद धारण नहीं कर सकेगा। आदेश में यह भी कहा गया था कि शासकीय सेवक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे।

विभाग ने निर्देश दिया था कि कोई भी शासकी सेवक किसी राजनीतिक दल या संगठन का सक्रिय सदस्य नहीं बन सकता और न ही किसी प्रकार से राजनीति में संलिप्त रह सकता है। बिना पूर्व अनुमति के किसी शासकीय या अशासकीय संस्था, समिति, संगठन या निकाय में पद ग्रहण करने पर भी रोक लगाई गई थी। आदेश में यह भी उल्लेख था कि अधिकारी-कर्मचारी ऐसा कोई दायित्व स्वीकार नहीं करेंगे जिससे उनके शासकीय कार्यों की निष्पक्षता प्रभावित हो। निर्देशों के उल्लंघन पर सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। यह आदेश जीएडी की उप सचिव अंशिका ऋषि पांडेय द्वारा जारी किया गया था, जिसे सभी विभागों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को भेजा गया था।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया, कल इस आदेश का विरोध सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं उप सचिव अंशिका पांडेय से व्हाट्सएप के माध्यम से किया था। भविष्य में इस आदेश का विरोध हर स्तर पर करने का लेख किया था। फेडरेशन के विरोध के चलते राज्य शासन को उक्त आदेश को वापस लेना पड़ा।

**शासकीय सेवकों के राजनीतिक दलों की सदस्यता का मामला**

## चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**महासमुंद,23 अप्रैल।** जिले के सरायपाली क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब पदमपुर रोड स्थित गुरु नानक चौक के पास अचानक एक चलती कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, कार में आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। प्रारंभिक अंदेशा शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का जताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं नगर पालिका की दमकल वाहन ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। इस घटना से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई और कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि कार सवार खेम लाल साहू (पिता अंगार साहू) ग्राम दुलारपाली, सरायपाली का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



**रायगढ़ में खड़ी बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी**-रायगढ़ में भी उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर राख हो गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह पेट्रोल लीक या इंजन में तकनीकी खराबी मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर शहर के कार्मेल स्कूल के पास स्थित आदित्य बिजनेस पार्क कॉम्पलेक्स के सामने खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल श्रीराम फाइनेंस में काम करने वाले किसी एजेंट की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सड़क किनारे खड़ी थी तभी अचानक उसमें से धुआं उठने लगा और फिर आग की लपटें तेजी से फैल गईं। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि बाइक को बचा पाना संभव नहीं हो सका।

## जग्गी हत्याकांड: अमित जोगी के सरेंडर करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**रायपुर,23 अप्रैल।** एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए सीबीआई का जवाब आने तक सरेंडर पर रोक लगाई है. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी के बेटे अमित जोगी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी. बता दें कि एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में दो अप्रैल को हाई कोर्ट ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) सुप्रीमो अमित जोगी को दोषी ठहराते हुए 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था. इस पर अमित जोगी ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी.

राम अवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट नंबर टू में आज इस मामले में सुनवाई हुई. कोर्ट ने सीबीआई, स्टेट और उन्हें (सतीश जग्गी) तो नोटिस जारी किया है. सीबीआई का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी. एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की साल 2003 में हुई हत्या के मामले में निचली अदालत ने 2007 में 28 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन सबूतों का अभाव बताते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था. इस फैसले को पीड़ित के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट भेज दिया था. हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए अमित जोगी को दोषी माना और दोषी करार देते हुए 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था. सतीश जग्गी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी और उनके बेटे अमित जोगी पर जग्गी हत्याकांड का आरोप लगाया था. केस की जांच साल 2004 में सीबीआई को सौंपी गई थी. सीबीआई ने जांच के बाद करीब 11 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 31 लोगों को आरोपी बनाया गया. मई 2007 में स्पेशल कोर्ट ने 28 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई. दो लोग सरकारी गवाह बन गए, जबकि सबूतों के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था.

## रायगढ़ में नशे के सौदागरों पर पुलिस का प्रहार



**रायगढ़,23 अप्रैल।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन आघात" के तहत रायगढ़ पुलिस की लगातार और सटीक कार्रवाई ने अवैध गांजा तस्करी के नेटवर्क की कमर तोड़ दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस जिस तरह से एक के बाद एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दे रही है, उससे साफ है कि अब नशे के कारोबारियों के लिए जिले में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से तस्करों के हौसले पस्त हो चुके हैं और पुलिस का खौफ साफ नजर आने लगा है। इस सप्ताह के भीतर तीसरी बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने खरसिया क्षेत्र में 52 किलोग्राम गांजा के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले तमनार से 60 किलो और चक्रधरनगर से 36 किलो गांजा जब्त कर पुलिस ने पहले ही तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से कुछ युवक ट्रेन के जरिए गांजा लेकर रायगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने तत्काल जिले के सभी थाना प्रभारियों, साइबर टीम और रेलवे पुलिस को अलर्ट कर दिया। सड़क और रेल—दोनों मार्गों पर निगरानी कड़ी कर दी गई। इसी दौरान खरसिया रेलवे कॉलोनी के पास संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली, जहां तीन युवक बड़े बैग के साथ घूमते दिखाई दिए। आशंका के आधार पर चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में साइबर थाना, चौकी खरसिया और रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दिनेश कुमार बेहरा (22), शिवा बेहरा (21) और देवी प्रसाद कंहर (19) के रूप में बताई, जो ओडिशा के कंधमाल जिले के निवासी हैं। आरोपियों ने कबूल किया कि वे ट्रेन से गांजा लेकर आ रहे थे, लेकिन रेलवे पुलिस की सख्त चेकिंग के चलते खरसिया में उतरकर बच निकलने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 52 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख 62 हजार रुपये आंकी गई है। बरामदगी में अलग-अलग बैग से 16.1 किलो, 20.4 किलो और 15.5 किलो गांजा शामिल है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(B) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# शतरंज में जेश केशरवानी ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 अप्रैल।** 66वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की उभरती शतरंज खिलाड़ी जेश केशरवानी लगातार अपनी प्रतिभा से देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। अंडर-19 शालेय वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए जेश ने 6 चक्रों में 5 अंक अर्जित कर चौथे बोर्ड पर स्वर्ण पदक हासिल किया था । उन्होंने बिहार, पांडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली, दिल्ली सहित केरल की 1442 रेटिंग अंक वाली खिलाड़ी स्वरूपा ईटी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था । इस उपलब्धि के बाद जेश का विभिन्न स्थानों पर सम्मान भी किया गया। अब तक 13 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी जेश ने छत्तीसगढ़ को कई पदकों से गौरवान्वित किया है। मूलतः खरसिया की निवासी जेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता राजेश राज केशरवानी और माता गायत्री केशरवानी को दिया। उनका कहना है कि परिवार से मिले निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि जेश का परिवार कला और सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय है। उनके पिता फिल्म जगत से जुड़े जाने-माने कलाकार हैं, वहीं उनकी माता फिल्म प्रोडक्शन के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनके भाई भारत केशरवानी छत्तीसगढ़ी एलबम्स में लोकप्रिय चेहरा हैं और जल्द ही फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं। जेश केशरवानी ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि खेलों के प्रति परिवार का सहयोग ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत है।



## ब्लैक चश्मे की खूब बिक्री से दुकानदार सूखचैन पाली खुश

कवर्धा। कवर्धा शहर में भीषण गर्मी सुबह आठ बजे से ही लोगों को महसूस होने लगी । जिस कारण काला चश्मा की बिक्री खूब हो रही है । दुकानदार सुखचैन पाली ने बताया की ब्लेक चश्मा की बिक्री खूब हो रही है ।

## समाचार संक्षेप

### वैवाहिक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम की धर्मपत्नी रश्मि शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 अप्रैल।** कवर्धा विधानसभा के विधायक छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा जी के धर्म पत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा जी ने अपने कवर्धा विधानसभा के दुरआंचल ग्राम तेलीटोला पहुंच कर बुथ अध्यक्ष श्री बलकरण साहू व पवन साहू के सुपुत्र एवं सुपुत्री साथ हि ग्राम कापा में केशरीचंद साहू के सुपुत्र व श्री भोज साहू जी के सुपुत्र लवकुश साहू व श्री पुरन साहू जी के सुपुत्र नेतराम साहू व जयनारायण कौशिक सुपुत्री व हमारे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामनाथ साहू से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना और सभी वर-वधू को नवदम्पत्त जीवन में प्रवेश करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया साथ में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा लोकचंद साहू डिप्टी सीएम कार्यालय प्रभारी नरेन्द्र मानिकपुरी व अमृत साहू मंडल महामंत्री अजय कौशिक सोसायटी अध्यक्ष लक्ष्मण कौशिक व वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अनुज साहू उपस्थित रहे।

### पोषण पखवाड़े में सरपंच ने पौष्टिक भोजन,स्वच्छता की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 अप्रैल।** आंगनबाड़ी केंद्र औसर क्र. 01 एवं 02 में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छोटे बच्चों को गर्मी से बचाव और उनके खान पान पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की सरपंच श्रीमती प्रियालता महिपाल के द्वारा स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई।

सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती ममता साहू द्वारा रेडी टू ईट और कुपोषण संबंधी जानकारी दी और कुपोषण से बचाव के उपाय के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर ममता साहू, सरपंच प्रियालता महिपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उत्तरा ठाकुर, पिंगला भास्कर, निर्मला भांडेकर, सरिता निर्मलकर, सहायिका फुलेश्वरी ठाकुर, उर्मिला डहरिया और ग्रामीण महिलाएं नीरा ठाकुर, दीपा भारती, सितु बंजारे, नेहा भारती, सुनीता भारती उपस्थित रही।

### वाहन चालकों में स्कार्फ का दिख रहा है ज्यादा क्रेज, भीषण गर्मी का असर भी



**कवर्धा, 23 अप्रैल।** हेलमेट कम पहन रहे है लोग चिंतनीय विषय लेकिन धूप से बचने के लिए स्कार्फ पहनकर वाहन चला रहे है जो की सराहनीय है क्योंकि लू से बचेंगे ।



### शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई उतई थाना पुलिस ने बाइक के जरिए शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने जोरातराई रोड पर कार्रवाई करते हुए टंकी मरोदा निवासी जितेंद्र कुमार और इंद्रजीत सिंह को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 35 पौवा देशी शराब बरामद हुई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शराब के साथ प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

### भारत माला सिक्सलेन सड़क से 100 किसान परेशान, खेत तक पहुंचना हुआ मुश्किल

**दुर्ग, 23 अप्रैल ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 120 आवेदन प्राप्त हुए।इसी कड़ी में गोड़पेन्ड्री के किसानों ने पुल निर्माण कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि गोड़पेन्ड्री में भारत माला परियोजना के तहत बन रही सिक्सलेन सड़क के कारण करीब 100 किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क खेतों के बीच से गुजरने के कारण सीधा रास्ता बंद हो गया है। किसानों को अब अपने खेत तक पहुंचने के लिए करीब 3 किलोमीटर दूर मानिकचौरी और अन्य मार्गों से होकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर की जा रही घेराबंदी से समस्या और गंभीर हो जाएगी और खेती किसानी प्रभावित होगा। गांव के उत्तरी हिस्से में पहले से पत्थर खदान होने के कारण खेती योग्य जमीन कम बची है और जो कृषि योग्य भूमि बचा है वहां पहुंचने में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने ग्राम छाटा और मानिकचौरी के बीच अंडरपास/पुलिया निर्माण की मांग की है।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में 2 गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को भिलाई नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बीयर की टूटी हुई बोतल जब्त की है वहीं तीसरे आरोपी की तलाश जारी है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रार्थी ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने मित्रों के साथ सेक्टर-07 मार्केट के पास जन्मदिन कार्यक्रम मना रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी गई एवं बीयर की बोतल से प्रार्थी के पीठ पर हमला कर चोट पहुंचाई गई। प्रकरण में धारा 296, 351(2), 115 (2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी डी. अजय एवं एस. विजय को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी ए. मयंक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### सट्टा पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के सट्टा-पट्टी लिखते एक आरोपी को छावनी पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, नगदी राशि एवं मोबाइल बरामद किया है मुखबिर सूचना मिली कि आदर्श नगर कैम्प 01 स्थित सियान सदन पानी टंकी के सामने एक व्यक्ति ने सट्टा-पट्टी के माध्यम से अंकों पर रुपए लेकर दांव लगाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल थाना छावनी पुलिस टीम ने आरोपी नौसाद अली (45 साल ) निवासी आदर्श नगर कैम्प 01, गोरखनाथ मंदिर के पास, थाना छावनी जिला दुर्ग को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 11 नग सट्टा पर्ची, एक मोबाइल और नगदी रकम 1000 रूपए बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है ।

## वीआईपी लाउंज का उद्घाटन



**भिलाई, 23 अप्रैल ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में नव विकसित वीआईपी लाउंज का उद्घाटन 22 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक यशवंत सिंह जोहरी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पवन कुमार ने कहा कि प्रभावी संवाद और हितधारकों के साथ सार्थक सहभागिता के लिए ऐसे समर्पित स्थानों का विशेष महत्व होता है।

### संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

**भिलाई, 23 अप्रैल ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर भुगतान करने एवं विवरणी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पूर्व में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार करदाताओं को 31 मार्च तक भुगतान करना था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत अब नागरिकों को एक माह का अतिरिक्त समय मिलेगा। इस अवधि में वे बिना किसी अतिरिक्त दंड या पेनल्टी के अपना संपत्तिकर जमा कर सकेंगे।

## प्रतिमा की अनुमति नहीं, शराब दुकान पर तत्परता क्यों:शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 अप्रैल ।** आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आर पी शर्मा ने बीएसपी प्रबंधन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। शर्मा ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर बीएसपी प्रबंधन ने वर्षों तक महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना की अनुमति देने में अनिच्छा दिखाई, वहीं अब टाउनशिप क्षेत्र में शराब दुकान खोलने की अनुमति देने में तत्परता दिखाई जा रही है। उन्होंने सेक्टर-6 में प्रस्तावित दुकान का विरोध करते हुए कहा कि यह स्थान स्कूल, मंदिर, बाजार और पुस्तक दुकानों के पास है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों का आवागमन होता है। उन्होंने आशंका जताई कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ सकता है और स्थानीय व्यापार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अपने पत्र में शर्मा ने कहा कि जब उन्होंने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापना की पहल की थी, तब बीएसपी प्रबंधन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से अनुमति मिलने के बावजूद अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं आज तक स्थापित नहीं हो सकीं। उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं के लिए स्वीकृति मिलने के बाद भी उन्हें स्थापित नहीं किया गया, जबकि डीपीएस चौक के पास बना चबूतरा आज भी अधूरा पड़ा है।

## भालूचुआ गांव में पैक्स का शुभारंभ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत कवर्धा जिले की 48 समितियों का भी शुभारंभ हुआ. उन्होंने इसे प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह कदम ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन नई समितियों के शुरू होने से अब पूरे प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर 2 हजार 573 हो गई है। उन्होंने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही है, ताकि गांव और किसान समृद्ध बन सकें।

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने बताया कि अब पैक्स समितियां बहुउद्देश्यीय सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी, जिससे किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी.साथ ही धान बेचने की प्रक्रिया भी आसान होगी और किसान अपनी नजदीकी समिति में ही धान बेच सकेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से कार्यरत 2058 समितियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कंप्यूटरीकृत किया गया है और इनमें माइक्रो एटीएम भी लगाए गए है, जिनसे किसान 20 हजार रुपए तक की राशि निकाल सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब ग्राम भालूचुआ, तिलाई भाट और चंदनपुर के सैकड़ों किसानों को धान बेचने के लिए हरिनछपरा जाने की दिक्कत समाप्त होगी.बग्गा ने इस समिति के निर्माण एवं शभारंभ के लिए क्षेत्र के समस्त किसानों के साथ प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार माना. इस अवसर पर हरिनछपरा सोसाइटी के श्याम कोसले, सरपंच चंद्र दिवाकर, वरिष्ठ काम दत्त गेंड्रे, दुलाखन गेंड्रे, बूथ अध्यक्ष आशाराम लहरे, हीरो सतनामी सहित ग्रामवासीउपस्थित थे।

### राजीव कुमार पांडेय एवं सुमित अग्रवाल रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**भिलाई, 23 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने नगरपालिका उप-निर्वाचन 2026 के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है।

वार्ड क्रमांक 01 (जुनवानी) के लिए सुमित अग्रवाल आयुक्त, नगर निगम दुर्ग को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए मोहेन्द्र साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। रिसाली के वार्ड क्रमांक 02 एवं 39 के लिए राजीव पाण्डेय आयुक्त, नगर निगम भिलाई को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नरेन्द्र बंजारे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### नहर में युवक की लाश मिली

**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के नहर में एक अज्ञात युवक की लाश मिली है पुलिस पंचनामा कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि शिवपुरी के पास नहर में एक अज्ञात लाश तैर रही है सूचना पर मौके पर पहुंच कर शव को निकाला अज्ञात शव की उम्र लगभग 45-50 वर्ष बतायी गई है पुलिस मामले में शव की शिनाख्त में जुट गई है ।

## निगम ने जल शुद्धिकरण अभियान में 35 कुओं में डाला ब्लीचिंग पाउडर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा विशेष जल शुद्धिकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गणेश मंच एवं शीतला मंदिर मोहल्ले के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालकर पानी को शुद्ध किया गया। विभागीय टीम ने क्षेत्र के लगभग 125 घरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें 35 घरों में कुएं पाए गए। सभी कुओं में जल शुद्धिकरण का कार्य किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस दौरान नागरिकों को जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। लोगों को सलाह दी गई कि कुएं के पानी का उपयोग केवल निस्तारी कार्यों के लिए करें तथा पीने के लिए नल के पानी को छानकर और उबालकर ही इस्तेमाल करें। साथ ही सड़े-गले फल एवं दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने की हिदायत दी गई।

भीड़




कवर्धा। शादी के कारण बसों में भारी भीड़ दिख रही है ।

## सुरक्षा बंधन शुभारंभ, ठेका श्रमिकों में सुरक्षा संस्कृति को मिलेगा बल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 अप्रैल ।** यूनिवर्सल रेल मिल विभाग द्वारा सुरक्षा बंधन का शुभारंभ 22 अप्रैल को किया गया। उद्घाटन विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मी के लिए अपनी सुरक्षा सर्वोपरि है। साथ ही सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान कर निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार के प्रति जिम्मेदारी का भाव सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रेरित करता है और सभी को ÷शून्य दुर्घटना के लक्ष्य की दिशा में मिलकर कार्य करना चाहिए। प्रबंधन की ओर से यह आश्वासन भी दिया गया कि सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक संसाधन और सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्यक्रम अब सप्ताह में दो बार नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे सुरक्षा जागरूकता को लगातार मजबूत किया जा सके।

## आस्था वृद्ध आश्रम ने निराश्रित वृध्दा का मोतियाबिंद ऑपरेशन करा मिसाल पेश की



**भिलाई, 23 अप्रैल।** मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है, इस भावना को साकार करते हुए आस्था वृद्ध आश्रम ने एक बार फिर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। आश्रम में निवासरत 82 वर्षीय निराश्रित वृद्धा श्रीमती चंद्राबाई का सेक्टर-9 में सफलतापूर्वक मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) ऑपरेशन किया गया। चंद्राबाई का कोई परिजन नहीं है, ऐसे में उनकी आंखों की गंभीर समस्या को देखते हुए आश्रम के संचालक प्रकाश गेडाम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया और उपचार की पूरी व्यवस्था की। प्रकाश गेडाम ने कहा कि आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग हमारे परिवार के सदस्य हैं। चंद्राबाई माताजी को नई रोशनी मिलना हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी है।

### 4 मई से शुरू होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग, 22 अप्रैल ।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 2027 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी.ई.ई.) का आयोजन 1 जून 2026 से 15 जून 2026 के मध्य होना संभावित है। परीक्षार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आगामी 4 मई 2026 से 3 जून 2026 तक प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

## एक नजर

### गली में पत्नी का सिर लेकर घूम रहा था कातिल पति, ग्रामीणों ने बुलाई पुलिस

**कोरबा, 23 अप्रैल।** जिले के रजगामार चौकी क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक पति ने चरित्र शंका के चलते अपनी ही पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। यह घटना ग्राम बुंदेली की है, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी सालिक राम यादव ने घरेलू विवाद और शक के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी को पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिसके कारण दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपी ने इस जघन्य वारदात को अंजाम दे दिया। घटना की भयावहता यहीं खत्म नहीं होती। आरोपी ने हत्या के बाद पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर कटा हुआ सिर लेकर गांव में घूमता रहा। इस दौरान कई ग्रामीणों ने उसे देखा, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में बच्चे भी मौजूद थे, जिससे इस वारदात की गंभीरता और बढ़ जाती है। आरोपी एक पोल्ट्री फार्म में काम करता था और वहीं अपने परिवार के साथ रहता था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे की सभी परिस्थितियों और कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कॉलेज परिसर से केबल चोरी करने के मामले में 4 गिरफ्तार

**कोरबा, 23 अप्रैल।** जिले में अपराधों पर नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सजग कोरबा – सतर्क कोरबा अभियान के तहत सिविल लाइन रामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने केबल वायर चोरी के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बताया कि पीजी गवर्नमेंट कॉलेज परिसर के निर्माणाधीन स्थल से अज्ञात चोरों ने केबल वायर चोरी कर लिया था। मामले में थाना सिविल लाइन रामपुर में अपराध क्रमांक 339-2026 के तहत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया तांबा (केबल वायर) बरामद किया गया।



### सीएसईबी प्लांट से 300 मीटर कॉपर केबल चोरी, 3 लोग गिरफ्तार

**कोरबा, 23 अप्रैल।** दर्री थाना क्षेत्र स्थित सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से पावर केबल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से करीब 300 मीटर तांबा (कॉपर) केबल वायर जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सुशील श्रीवास उर्फठाकुर (43 वर्ष), निवासी राजीव नगर दर्री विशाल राव उर्फलाली (22 वर्ष), निवासी धनवार पारा कल्मीडुग्गु दर्री जान सिंह प्रधान (26 वर्ष), निवासी पुरानी बस्ती दर्री शामिल हैं। वहीं, मामले में किशन कुमार गोंड़ उर्फगोलू और एक अन्य युवक अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। प्रार्थी कमलकांत ठाकुर ने 22 अप्रैल 2026 को थाना दर्री में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 4 बजे अज्ञात चोरों ने सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से करीब 300 मीटर पावर केबल चोरी कर ली।



### तहसीलदार का ड्राइवर की लाश मिली लालघाट में, पुलिस जांच में जुटी

**कोरबा, 23 अप्रैल।** प्रशासनिक हलके में एक दुखद घटना सामने आई है। जो जानकारी सामने आ रही है उसमें कोरबा तहसीलदार का ड्राइवर उत्तरा कुमार कश्यप का शव बालको के लाल घाट में बुधवार देर शाम मिला है। बताया जा रहा है कि उत्तरा कुमार कश्यप सुबह से ही घर से निकला हुआ था और वह नशे का आदी था। तो ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब सेवन से उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया है और परिजनों के आने के बाद मार्ग कम कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी ताकि मौत के कारणों का पता चल सके।

# यातायात सुधारने व विकास कार्यों को गति देने सांसद ने ली उच्चस्तरीय बैठक

## रिंग रोड, सर्विस रोड का काम एक माह में होगा शुरू, एनएचएआई को एक सप्ताह में टेंडर जारी करने के निर्देश

- **शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए मुआवजे और कार्यवाही की रिपोर्ट तत्काल शासन को भेजने के निर्देश**

**रायपुर 23 अप्रैल।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने आज रायपुर शहर की जटिल यातायात समस्याओं के निराकरण और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में सरोना-टाटीबंध से जोरा तक रिंग रोड के सर्विस रोड, शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण, जोरा-कचना -पिरदा रोड, जोरा-कचना-मोवा रोड, शदाणी दरबार देवपुरी सहित 5 ग्रेट सेपरेटर, शंकर नगर में रोड चौड़ीकरण, शंकर नगर चौक से टर्निंग पॉइंट सड़क चौड़ीकरण सहित रायपुर शहर के विभिन्न यातायात समस्याओं सहित विकास कार्यों की समीक्षा की।

### रिंग रोड सर्विस लाइन और अतिक्रमण पर प्रहार

अग्रवाल ने टाटीबंध-सरोना से जोरा तक रिंग रोड की सर्विस लाइन के चौड़ीकरण का कार्य एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने NHAI को एक सप्ताह के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने तथा छ्स्श्वक्क को चार चरणों में बिजली खंभों और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग तत्काल शुरू करने को कहा। साथ ही, नगर निगम और यातायात पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सर्विस रोड पर हुए अवैध कब्जों और अनियंत्रित पार्किंग को तत्काल हटाया जाए। मीटिंग में सीएसपीडीसीएल अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि जोरा से लेकर भाठागांव चौक तक विद्युत खंभे व ट्रांसफार्मर को तत्काल हटाना प्रारंभ करें एवं भाठागांव से सरोना तक पूर्व में बनाए गए एस्टीमेट को संशोधित कर तत्काल विभाग में एस्टीमेट प्रस्तुत करें। केंद्र से कार्य के लिए सांसद के प्रयासों से 100 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं।

### शारदा चौक-तात्यापारा मार्ग: मुआवजा और चौड़ीकरण

अग्रवाल ने दशकों पुरानी तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की समस्या पर चर्चा करते हुए सांसद ने बैठक में निगम आयुक्त एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश और लिए गए निर्णय के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के लिए मुआवजा एवं अन्य प्रकरणों को तत्काल एक रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित करें। पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में इस विषय पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर अधिकृत किया था।



### एक्सप्रेस-वे फेज-2 और प्रमुख ओवरब्रिज

बैठक में MR41 एक्सप्रेस-वे फेज-2 (लाभांडी से कचना होते हुए मोवा) के निर्माण में गति लाने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और निगम के अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने को कहा गया। अग्रवाल ने निर्माणाधीन कोल्हान नाला पुल, महानदी पुल (टीला-हथखोज मार्ग), कचना-खामरडीह रेलवे ओवरब्रिज और शहर के मुख्य मार्गों पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया।

बैठक में NHAI के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई एवं निर्माण कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया गया लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बजटीय 92 निर्माण कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया गया एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई।

यातायात को सुगम बनाने के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रिंग रोड पर शदाणी दरबार के पास हीरापुर समेत 5 ग्रेट सेपरेटर, रिंग रोड नंबर 2 जारवाय मार्ग पर निर्माणधीन ओवर पास, हीरापुर चौक पर ओवरपास, सरोना के समीप रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ओवरपास तथा सिलयारी - मांढर ओवर ब्रिज सहित 2025- 26 के बजट के कार्यों को लेकर चर्चा की एवं अधिकारी को निर्देश दिए की सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि जिन उद्देश्यों को लेकर यह कार्य स्वीकृत किए गए हैं उन लोगों को कार्य पूर्ण होने पर राहत मिल सके।

अग्रवाल ने रिंग रोड से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जाने वाली सड़क को जोड़ने के लिए रिंग रोड क्रॉस ना करना पड़े इस आधार पर एक अंडरपास के लिए सर्वे करने तथा प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश दिया।

अग्रवाल ने कहा कि, रायपुर की जनता को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाना और शहर का आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया है कि बजट 2025-26 के सभी स्वीकृत कार्य और वर्तमान में जारी प्रोजेक्ट्स तय समय पर पूरे हों, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

बैठक में NHAI प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्विजय सिंह, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप, डीसीपी यातायात विवेक शुक्ला, सीएसपीडीसीएल, एसई एम विश्वकर्मा, सीई पीडब्ल्यूडी पी एम कश्यप, राजीव नशीने, विशाल त्रिवेदी, शंभू गुप्ता उपस्थित रहे।

# क्या कारण है सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा:नामदेव

**रायपुर, 23 अप्रैल।** वरिष्ठ कर्मचारी नेता राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 21 अप्रैल 2026 को जारी आदेश को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस आदेश में शासकीय सेवकों को राजनीतिक गतिविधियों एवं अन्य पदों से दूर रहने के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई थी, उसे एक दिन बाद ही स्थगित कर दिया गया।

नामदेव ने इसे प्रशासनिक अस्थिरता का उदाहरण बताते हुए पूछा कि आखिर ऐसा क्या कारण था कि सरकार को अपने ही आदेश से इतने कम समय में पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करता है, बल्कि शासन की मंशा पर भी सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत स्पष्ट प्रावधान हैं कि कोई भी शासकीय सेवकः किसी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं बन सकता, किसी भी राजनीतिक गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं ले सकता,



**वीरेन्द्र नामदेव ने उठाए सवाल: क्या कर्मचारियों को राजनीतिक दलों से जुड़ने की अनुमति देने जा रही है सरकार**

बिना अनुमति किसी अन्य संस्था या संगठन में पद धारण नहीं कर सकता।

इसके बावजूद आदेश का स्थगन यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं इन नियमों के पालन को लेकर गंभीरता की कमी है। नामदेव ने सरकार से मांग की कि वह इस पूरे मामले में स्पष्ट स्थिति सामने लाए और बताए कि आदेश जारी करने और फिर स्थगित करने के पीछे क्या कारण हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे निर्णय बार-बार लिए जाते रहे तो इससे प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी। उन्होंने अंत में कहा कि यदि सरकार वास्तव में अनुशासन बनाए रखना चाहती है, तो उसे अपने आदेशों पर दृढ़ता से अमल करना चाहिए, न कि उन्हें एक दिन में ही बदल देना चाहिए।

# डोंगरगढ़ का मॉर्निंग ग्रुप बना एकता की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 23 अप्रैल।** नेहरू स्टेडियम मॉर्निंग ग्रुप परिवार इन दिनों नगर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। करीब 70 सदस्यों वाला यह ग्रुप प्रतिदिन सुबह एक साथ मॉर्निंग वॉक कर न सिर्फ स्वास्थ्य का ध्यान रख रहा है, बल्कि एकता और भाईचारे की अनोखी मिसाल भी पेश कर रहा है।

ग्रुप के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के अनुसार, इस समूह की खासियत इसकी विविधता है—यहां हर धर्म और हर उम्र के लोग एक साथ कदम मिलाकर चलते हैं। वॉक के दौरान जहां स्वास्थ्य सुधरता है, वहीं सदस्यों की हंसी-मजाक और ठहाकों से माहौल भी खुशनुमा बना रहता है। कई बार तो राहगीर भी सोच में पड़ जाते हैं कि ये मॉर्निंग वॉक है या लाफ्टर क्लब का लाइव शो!

ग्रुप की गतिविधियां सिर्फ वॉक तक सीमित नहीं हैं। समय-समय पर प्रातः नाश्ता, चाय पार्टी और रात्रि में स्नेह भोज का आयोजन भी किया जाता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इतने बड़े आयोजन में कोई हलवाई नहीं बुलाया जाता—बल्कि सभी सदस्य मिल-जुलकर खुद ही स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करते हैं। यानी यहां शेफ भी अपने और टेस्टर भी अपने!



इस अनोखे ग्रुप से प्रभावित होकर कई लोग जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं, लेकिन सदस्यों का मानना है कि वर्तमान संख्या ही संतुलित और उपयुक्त है, ताकि अपनापन और तालमेल बरकरार रहे। कुल मिलाकर, नेहरू स्टेडियम मॉर्निंग ग्रुप न सिर्फ फिटनेस का संदेश दे रहा है, बल्कि यह साबित कर रहा है कि अगर साथ में हंसी और अपनापन हो, तो हर सुबह गुड मॉर्निंग अपने आप बन जाती है।

# शहीद अरूण सप्रे को जयंती पर किया नमन



**रायपुर, 23 अप्रैल।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरूण केशव सप्रे का उनकी जयंती पर नगर निगम रायपुर मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभा सभागार में स्थित तैल चित्र के समक्ष सादर नमन करने नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन 4 के सहयोग से संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। जिसमें पहुंचकर नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से शहीद अरूण केशव सप्रे को जयंती पर सादर नमन किया।

संक्षिप्त आयोजन में शहीद अरूण केशव सप्रे की धर्मपत्नी मध्यप्रदेश शासन महिला एवं समाज कल्याण विभाग के पूर्व संचालक सदस्य मीना ताई सप्रे उनके सुपुत्र मुनेश सप्रे, नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा सहित संस्कृति विभाग कर्मचारी श्वेता शिंदे सहित अन्य सम्बंधित निगम कर्मचारियों ने शहीद अरूण केशव सप्रे को जयंती पर सादर नमन किया। रायपुर निवासी शहीद अरूण केशव सप्रे की दिनांक 21 नवंबर 1971 को भारतीय वायु सेवा की युद्धाभ्यास तैयारी की ड्यूटी के दौरान भारतीय वायु सेना के युद्धक विमान मारूत को युद्ध हेतु तैयार करते समय आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी स्मृति में रायपुर में नगर निगम सामान्य सभा सभागार में उनका तैल चित्र लगाया गया जहां उनकी पुण्यतिथि 21 नवंबर और जयंती 23 अप्रैल को नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा जोन 4 के सहयोग से नमन करने पुष्पांजलि आयोजन नियमित हर वर्ष रखा जाता है।

### महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विपक्ष की भूमिका निराशाजनक: किरण साहू

**राजनांदगांव/डोंगरगढ, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत राजनांदगांव की उपाध्यक्ष किरण साहू ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लाया गया, लेकिन कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर इसे पास होने से रोकने का कार्य किया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



श्रीमती साहू ने अपने बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। चाहे वह उवला योजना हो, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान हो या महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न नीतियां—हर स्तर पर सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। ऐसे में महिला आरक्षण बिल का विरोध करना या उसके पारित होने में बाधा उत्पन्न करना यह दर्शाता है कि विपक्ष की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दल केवल महिलाओं के हितैषी होने का दिखावा करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनके कदम इसके विपरीत नजर आते हैं। यदि वास्तव में वे महिलाओं के अधिकारों के प्रति गंभीर होते, तो इस महत्वपूर्ण बिल को समर्थन देते और संसद में इसे पारित होने देते। किरण साहू ने कहा कि महिला आरक्षण बिल केवल एक राजनीतिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का माध्यम है। इससे महिलाओं की भागीदारी नीति निर्माण में बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लेकिन विपक्ष द्वारा इस बिल का विरोध यह स्पष्ट करता है कि वे महिलाओं को सशक्त होते नहीं देखना चाहते।

### एमएमए मॉर्डन फाइटिंग में राणा विक्रम सिंह ने कांस्य पदक जीता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 23 अप्रैल।** चेकमेट फाइटिंग क्लब डोंगरगढ़ के उभरते हुए फाइटर राणा विक्रम सिंह ने लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित एम एम ए मॉडर्न फाइटिंग में 35 किलो वजन समूह में कांस्य पदक प्राप्त किया अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं पिता राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में राणा विक्रम सिंह पिछले चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक ला चुके हैं. प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि देश की मशहूर एथलीट उड़न परी पीटी उषा अध्यक्ष भारतीय ओलंपिक संघ के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किया गया। आगामी माह में भारतीय दल का ट्रायल नई दिल्ली में रखा गया है जिसके लिए राणा विक्रम सिंह ने क्वालीफाई किया। जिला संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी तरुण वर्कड़े बाबूराव जांबंधु राजकुमार नंदेश्वर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह अनुज दमानी वेदांश मोहनी योग्य जघेल निधि वर्मा काव्या साहू वैष्णवी सोनवानी सभी ने शुभकामनाएं दी।

# विधायक सोनी व महापौर ने जोन-4 में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

## सभी नये विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समय सीमा में गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर, 23 अप्रैल।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन कमांक 4 अंतर्गत पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 क्षेत्र के 7 विभिन्न स्थानो पर लगभग 32 लाख रू. की स्वीकृत लागत से नये विकास कार्यों का श्रीफल फोडकर व कुदाल चलाकर भूमिपूजन कर कार्यारंभ रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने वार्ड 57 पार्षद व निगम एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश जैन, सुश्री पल्लवी पाण्डेय,सुश्री गायत्री देवांगन, नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित वार्ड 57 के पेंशनबाडा कालोनी क्षेत्र के रहवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिको, नवयुवको की बडी संख्या में उपस्थिति के मध्य किया एवं नगरवासियों को एक और शानदार सौगात दी।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि जोन 4 अधिकारीगण गर्मी की तपीश को देखते हुए नये सीसी रोड निर्माण के बाद उसमें तराई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें ताकि गर्मी के चलते नई सीसी रोड को कोई क्षति नहीं पहुंचने पाये। रायपुर दक्षिण विधायक ने कहा कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र में पूर्ववर्ती शासन सरकार के 5 साल के कार्यकाल में विकास कार्य प्रारंभ नहीं होने के बाद नगर निगम की नई परिषद के कार्यकाल में सभी वार्डो में तेजी से नये विकास कार्य करवाये जा रहे है। शहर सरकार के पास विकास कार्य करवाने राशि की कोई कमी नहीं है।



महापौर मीनल चौबे ने वार्डवासियों को 32 लाख के नये विकास कार्य वार्ड में प्रारंभ होने पर हार्दिक बधाई दी एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वीकृति अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाकर सभी नये विकास कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ जनहित में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

वार्ड 57 पार्षद व एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने वार्ड 57 में 32 लाख की लागत से नाली, सीसी रोड, सामुदायिक भवन आदि के 7 स्थानो पर नये विकास कार्य प्रारंभकरने पर सभी वार्डवासियों की ओर से रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे सहित जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा को धन्यवाद दिया एवं नये विकास कार्य प्रारंभ होने पर सभी वार्डवासियों को हार्दिक बधाई दी।

### क्रिकेट स्पर्धा:मेंटेनेंस-2 ने ऑपरेशन-3 विभाग को हराकर पॉवर कप ट्रॉफी जीत ली

**कोरबा 23 अप्रैल।** हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के हसदेव खेल परिसर में अंतर विभागीय फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता ''पॉवर कप'' का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में विद्युत संयंत्र के मेंटेनेंस-2 विभाग ने ऑपरेशन-3 को 5 विकेट से हराया। विजयी टीम को मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एमके. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री केएनबी. राव के हाथों ट्रॉफी भेंट की गई। इस अवसर पर अतिथिद्वय द्वारा विजयी टीम को बधाई देते हुए खेल को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजनों की प्रशंसा की गई।

पॉवर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीते 11 अप्रैल को मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह के हाथों किया गया था। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद, कोरबा-पश्चिम द्वारा 11 से 20 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 विभागों की टीम ने हिस्सा लिया। इनमें टीम ऑपरेशन-1, ऑपरेशन-2, ऑपरेशन-3, मेंटेनेंस-1, मेंटेनेंस-2, मेंटेनेंस-3 और फ्यूल मैनेजमेंट-11 और मुख्य अभियंता-11 शामिल हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीते सोमवार को टीम मेंटेनेंस-2 एवं ऑपरेशन-3 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑपरेशन-3 ने 12 ओवर में सात विकेट खोकर 91 रन बनाए। इस लक्ष्य के लिए मैदान पर उतरी मेंटेनेंस-2 की टीम ने 11.1 ओवर में 5 विकेट खोकर इसे पूरा कर लिया। इस तरह मेंटेनेंस-2 ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। इससे पूर्व पहला सेमीफाइनल मैच मेंटेनेस-3 एवं ऑपरेशन-3 बीच खेला गया, जिसमें ऑपरेशन- 3 ने जीत दर्ज की।

# नेतृत्व ने की गलती, कांग्रेस को बरसों सफाई देनी पड़ेगी

राजनीतिक दल का नेतृत्व समझदार होता है,दूरदर्शी होता है,बड़े राजनीतिक फायदे और नुकसान को समझता है तो पार्टी को राजनीतिक नुकसान नहीं होता है,पार्टी के लोगों को सफाई नहीं देनी पड़ती है कि हमने ऐसा इसलिए नहीं किया। मुद्दा बहुत बड़ा होता है और बरसों तक जिसकी चर्चा होनी होती है तो राजनीतिक दल के नेताओं को बरसों सफाई देनी पड़ती है। महिला आरक्षण संशोधन मामले में कांग्रेस के नेतृत्व की गलती का खामियाजा अब बरसों कांग्रेस के राज्य नेताओं को भुगतना पड़ेगा और सफाई देनी पड़ेगी कि हम तो महिला आरक्षण चाहते हैं, जैसे ही कांग्रेस नेता सफाई देंगे हम तो महिला आरक्षण चाहते हैं तो महिलाएं तो सवाल पूछेंगी ही कि फिर आपने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध क्यों किया। देश की महिलाओं ने तो संसद में देखा है कि कांग्रेस व विपक्ष के विरोध के कारण महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हुआ है। अब कांग्रेस नेता रोज सफाई देते रहें कि हम तो महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन महिलाएं इसे मानेंगी नहीं क्योंकि उन्होंने तो संसद में कांग्रेस नेतृत्व को विरोध करते देखा है। महिला आरक्षण के विरोध में वोट डालते देखा है और संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक गिरने पर कांग्रेस नेतृत्व को खुशी जाहिर करते देखा है। इसके बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी व पीएम मोदी की विश्वसनीयता का भी सवाल है कि देश की जनता किसकी बात पर ज्यादा यकीन करती है देश की जनता पीएम मोदी की बातों पर ज्यादा भरोसा करती है,क्योंकि उनकी बात सीधी और साफ होती है और जनता को समझ में आती है कि पीएम मोदी उनके लिए क्या करने वाले थे और कांग्रेस ने उस काम को करने नहीं दिया। कांग्रेस सहयोग करती तो पीएम मोदी महिलाओं के आरक्षण का जो प्रयास करने वाले थे, वह हो जाता, वह इसलिए नहीं हुआ क्योंकि सहयोग मांगने के बाद भी कांग्रेस ने सहयोग नही किया, विरोध किया और कांग्रेस के विरोध के कारण ही महिलाओं को जो ३३ प्रतिशत आरक्षण २०२९ से मिलता और वह कई बरस बाद ही मिलेगा। महिलाओं का आरक्षण में मिलने वाली देरी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी व विपक्ष के नेता दोषी है, यह बात पीएम मोदी संसद के भीतर व राष्ट्र के नाम संबोधन में समझा चुके हैं और जनता को यह बात समझ मे आ गई है कि महिलाओं को आरक्षण नहीं मिला है तो उसके लिए कांग्रेस दोषी है। पीएम मोदी भाजपा के सबसे बड़े नेता है और वह अपनी बात को जनता को समझाने में सफल रहते हैं, इसलिए वह ज्यादा लोकप्रिय भी है और उन पर जनता ज्यादा भरोसा भी करती है। राहुल गांधी अपनी बात जनता को समझा नहीं पाते हैं, वह जो कुछ कहते हैं कि जनता को समझ नहीं आता है। राहुल गांधी की बात कांग्रेस के नेता भी जनता को समझाने का प्रयास करते हैं तो जनता को समझ नहीं आता है। महिला आरक्षण संशोधन विधेयक गिर गया तो पीएम मोदी इसके लिए दुख व्यक्त करते हैं महिलाओं से माफी मांगते है और कहते हैं कि वह चाहते थे ऐसा हो लेकिन कांग्रेस ने सहयोग नही किया इसलिए हो नहीं सका। पीएम मोदी ने जनता को पहले ही बता दिया था कि यह काम कांग्रेस के सहयोग से ही होगा,उन्होंने इसके लिए संसद में जनता के सामने सहयोग मांगा और जनता ने देखा कांग्रेस ने सहयोग नहीं किया।जनता ने यह भी देखा की कांग्रेस व विपक्ष ने महिला आरक्षण विधेयक गिरने पर मेजे थपथपा कर खुशी जाहिर की थी। इससे जनता को समझ आ जाता है कि कौन महिला आरक्षण के पक्ष में था और कौन विरोध में था। पीएम मोदी ने संसद के भीतर व बाहर सरल शब्दों में देश के लोगों को बता दिया है कि हम महिलाओं को जल्द आरक्षण देना चाहते थे, इसके लिए प्रयास भी किया। विपक्ष से सहयोग मांगा विपक्ष ने सहयोग नहीं किया इसलिए महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित नहीं हुआ और महिलाओं को आरक्षण नहीं मिला। पीएम मोदी की बात ही देश की महिलाओं व लोगों को समझ आ गई है क्योंकि वह सीधी व सरल भाषा में है और उसे लोगों ने संसद में आंखों से देखा भी है। पीएम मोदी की बात को अब भाजपा को निचले स्तर पर गांवों तक पहुंचाना बहुत आसान है क्योंकि पीएम मोदी एक बार नहीं दो दो बार देश के करोड़ों लोगों तक अपनी यह बात पहुंचा चुके हैं कि वह तो महिला आरक्षण जल्द मिले चाहते थे,अगर वह आज नहीं मिला है तो कांग्रेस के कारण नहीं मिला है।

(लाइक्स और वैलिडेशन की दौड़ में सादगी, आत्मसम्मान और असली ज़िंदगी कैसे छूटती जा रही है)

# सोशल मीडिया और लड़कियों की आत्मछवि का संकट

डॉ. प्रियंका सौरभ



सुनो लड़कियों—यह कोई भावुक अपील नहीं, बल्कि एक ज़रूरी सच है। सुंदर दिखने की इस दौड़ में तुम कहीं खुद को खो न बैठो, यह चिंता अब व्यक्तिगत नहीं रही, यह एक सामाजिक संकट बनती जा रही है। आज का समय ऐसा है जहाँ आईना हमारे कमरे की दीवार पर नहीं, बल्कि हमारे मोबाइल की स्क्रीन में बसता है। और यह आईना सच्चाई नहीं दिखाता, बल्कि वह दिखाता है जो दिखाना चाहता है। इस आभासी दुनिया में सुंदरता अब स्वाभाविक नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट है—जिसे एडिट किया जाता है, फिल्टर लगाया जाता है, और लाइक्स व व्यूज़ के पैमाने पर नापा जाता है। यह मान लेना गलत होगा कि सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम है। यह अब एक मनोवैज्ञानिक संरचना बन चुका है, जो हमारी सोच, हमारी पसंद, हमारे आत्मविश्वास और हमारी पहचान को धीरे-धीरे आकार दे रहा है। खासकर युवतियों के लिए यह एक ऐसा दबाव रचता है, जिसमें वे अनजाने में खुद को किसी और के साँचे में ढालने लगती हैं। हर दिन किसी और की "परफेक्ट" तस्वीर देखकर अपने चेहरे में कमी ढूंढना, हर स्टोरी के बाद यह सोचना कि कितने लोगों ने देखा, कितनों ने तारीफ की—यह सब एक खतरनाक आदत में बदलता जा रहा है। वैलिडेशन की यह भूख बहुत सूक्ष्म होती है। शुरुआत में यह सामान्य लगती है—थोड़ी सी तारीफ, कुछ अच्छे कमेंट्स, कुछ लाइक्स। लेकिन धीरे-धीरे यही ज़रूरत बन जाती है। जब तारीफ नहीं मिलती, तो बेचैनी होती है, खुद पर संदेह होता है, और आत्मसम्मान डगमगाने लगता है। यह वही क्षण है जब एक लड़की, जो भीतर से मजबूत और आत्मनिर्भर हो सकती थी, बाहरी प्रतिक्रियाओं पर निर्भर होने लगती है। यह निर्भरता मानसिक थकान और अवसाद की ओर ले जाती है, लेकिन विडंबना यह है कि यह सब एक मुस्कुराती हुई तस्वीर के पीछे छुपा रहता है।

सोशल मीडिया पर जो दिखता है, वह पूरा सच नहीं होता। यहाँ हर कोई अपने जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा ही दिखाता है। कोई अपने अकेलेपन की तस्वीर नहीं डालता, कोई अपने डर या असफलता को सार्वजनिक नहीं करता। इसलिए जब तुम किसी को हमेशा खुश, प्रेम में डूबा या सफल देखती हो, तो यह समझना ज़रूरी है कि वह पूरी कहानी नहीं है। यह केवल एक चुना हुआ फ्रेम है, जिसमें बाकी की सच्चाई जानबूझकर काट दी गई है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि इस आभासी तुलना के कारण तुम खुद को कम आंकने लगती हो। तुम्हें लगता है कि शायद तुम उतनी सुंदर नहीं, उतनी खुश नहीं, उतनी सफल नहीं। जबकि सच्चाई यह है कि तुम अपनी जगह पूरी हो। तुम्हारी सादगी, तुम्हारी सोच, तुम्हारा स्वभाव—ये सब तुम्हें अद्वितीय बनाते हैं। लेकिन जब तुम किसी और की तरह बनने की कोशिश करती हो, तो तुम अपनी ही पहचान को कमजोर करती हो। आज की दुनिया में "ट्रेंड" एक नया धर्म बन चुका है। जो ट्रेंड में है, वही सही माना जाता है। लेकिन हर ट्रेंड तुम्हारे लिए नहीं बना होता। कई बार ये ट्रेंड्स तुम्हारी सेहत, तुम्हारे आत्मसम्मान और तुम्हारी मानसिक शांति पर भारी पड़ते हैं। अजीब-अजीब ब्यूटी स्टैंडर्ड्स, अस्वाभाविक लाइफस्टाइल, और दिखावे की आदत—ये सब धीरे-धीरे तुम्हें उस दिशा में ले जाते हैं जहाँ तुम अपने असली रूप से दूर होती जाती हो।यह भी सच है कि सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं। लेकिन जब यह अभिव्यक्ति तुलना और प्रतिस्पर्धा में बदल जाती है, तो यह अपनी सकारात्मकता खो देती है। जब हर पोस्ट एक प्रदर्शन बन जाए, हर तस्वीर एक संदेश बन जाए कि "मैं खुश हूँ", तो यह स्वाभाविक जीवन नहीं रह जाता, बल्कि एक अभिनय बन जाता है। और लगातार अभिनय करना किसी भी इंसान को थका देता है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे जरूरी है खुद से जुड़ाव। यह समझना कि तुम्हारी असली कीमत लाइक्स और कमेंट्स से तय नहीं होती। तुम्हारी पहचान किसी ट्रेंड या फिल्टर से बड़ी है। तुम्हारी सादगी, तुम्हारी ईमानदारी, और तुम्हारा आत्मसम्मान—यही तुम्हारी असली ताकत है। यह जरूरी नहीं कि तुम हर दिन अपनी ज़िंदगी को साबित करो। यह भी जरूरी नहीं कि हर खुशी को दिखाया जाए और हर दुख को छुपाया जाए। असल ज़िंदगी उस छह इंच की स्क्रीन से कहीं बड़ी है। वहाँ रिश्ते हैं, जो बिना फिल्टर के चलते हैं। वहाँ भावनाएँ हैं, जो बिना एडिट के सामने आती हैं। वहाँ संघर्ष है, जो सिखाता है, और वहाँ सुकून है, जो बिना किसी लाइक के भी संतोष देता है। लेकिन जब हम इस असली दुनिया से ज्यादा समय उस आभासी दुनिया में बिताने लगते हैं, तो धीरे-धीरे हमारा संतुलन बिगड़ने लगता है।

यह समय है रुककर सोचने का। यह पूछने का कि क्या हम सच में जी रहे हैं, या सिर्फ दिखा रहे हैं कि हम जी रहे हैं। क्या हमारी खुशी सच्ची है, या केवल एक पोस्ट के लिए बनाई गई है। यह सवाल आसान नहीं हैं, लेकिन इनका सामना करना जरूरी है।

तुम्हें यह तय करना होगा कि तुम कैसी ज़िंदगी चाहती हो—एक ऐसी जो दूसरों की नजरों में परफेक्ट लगे, या एक ऐसी जो तुम्हें भीतर से सुकून दे। क्योंकि अंत में वही मायने रखता है जो तुम अपने बारे में महसूस करती हो, न कि दुनिया तुम्हें कैसे देखती है।

सादगी कोई कमी नहीं है, यह एक शक्ति है। आज के इस दिखावे के दौर में सादा रहना, खुद जैसा रहना, सबसे बड़ा साहस है। एक साधारण सी कुर्ती, एक छोटी सी बिंदी, और एक सच्ची मुस्कान—ये किसी भी महंगे मेकअप या ट्रेंड से ज्यादा खूबसूरत हो सकते हैं, अगर उनमें आत्मविश्वास और आत्मस्वीकृति हो।

खुद से प्रेम करना सीखो। यह कोई क्लिशे बात नहीं, बल्कि एक मानसिक आवश्यकता है। जब तुम खुद को स्वीकार करती हो, तो तुम्हें किसी और की स्वीकृति की जरूरत नहीं रहती। तुम दूसरों की खुशी देखकर खुश हो सकती हो, बिना खुद को कम समझे। तुम अपनी असफलताओं को भी सहजता से स्वीकार कर सकती हो, क्योंकि तुम्हें पता होता है कि तुम्हारी कीमत केवल सफलताओं से नहीं तय होती। और कभी-कभी, इस शोर से दूर जाना भी जरूरी है। एक रात अकेले बैठना, अपने विचारों के साथ समय बिताना, कोई अच्छा गीत सुनना—यह सब तुम्हें खुद से जोड़ता है। यह तुम्हें याद दिलाता है कि तुम केवल एक प्रोफाइल नहीं हो, बल्कि एक संवेदनशील, गहराई से भरी हुई इंसान हो। इसलिए, अगली बार जब तुम सोशल मीडिया खोलो, तो यह याद रखना कि यह केवल एक हिस्सा है, पूरी ज़िंदगी नहीं। यह एक मंच है, लेकिन तुम्हारी असली कहानी इसके बाहर लिखी जाती है। वहाँ, जहाँ तुम बिना किसी डर के, बिना किसी तुलना के, बस अपने जैसी हो सकती हो। सुंदर दिखने से ज्यादा जरूरी है सच्चा होना। और सच्चा वही होता है, जो खुद के करीब होता है। इसलिए, खुद से दूर मत जाओ। क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि तुम जैसी हो, वैसी ही रहो।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। पसंदीदा खाना खाने के लिए आप अच्छी डिश आर्डर कर सकते हैं। दफ्तर में उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आपको बिजनेस संबंधी नए लोगों से जुडऩे का मौका मिल सकता है। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी जिससे आप रिलैक्स फील करेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। वाहन खरीदने का विचार भाई से करेंगे, लाभदायक जानकारी मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोग नए कार्य को करने के लिए उत्सुक रहेंगे। छात्र आज किसी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता दिखाएंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला अनुभव लेकर आएगा। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। स्वास्थ सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। ऑफिस में नया टारगेट मिलने से मन प्रसन्न रहने वाला है। राजनैतिक पक्ष में आपकी रुचि बढ़ेगी, लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे। आर्थिक रूप से मजबूती बनी रहेगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते की मजबूती बरकरार रहेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ बेहतर करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं, काम करने में आसानी होगी। आज काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखने से सफलता अवश्य मिलेगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिये आपको अच्छी डील मिल सकती है। उधार के लेन देन से बचें। माता पिता से भविष्य के बारे में विचार विमर्श कर सकते हैं।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। पैसों के लेन देन में थोड़ा सतर्क रहें। आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। समाज में आप दोनों की सुंदर छवि बनेगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी। आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा। व्यापार में आपको काफी अच्छे फायदे देखने को मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपका वेतन भी बढ़ सकता है। कार्य स्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित करेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढिय़ा नतीजे भी मिलेंगे। आज स्थितियां आपके फेवर में होंगी। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है, भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढाई में बिजी रहेंगे।

## सू- दोकू क्र.017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.016 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

राजनीति

# बंगाल की बिसात पर योगी की 'हिंदुत्व' वाली गर्जना

अजय कुमार,



पश्चिम बंगाल की राजनीति के केंद्र में इस समय केवल चुनावी आंकड़े नहीं, बल्कि विचारधाराओं का वह प्रचंड टकराव है जिसने भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों को बिल्कुल आमने-सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जो भगवा चोले में हिंदुत्व की धार और 'बुलडोजर मॉडल' की धमक लेकर बंगाल की गलियों में टीएमसी के किले को ढहाने निकले हैं, तो दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव हैं, जिन्होंने इस चुनावी शोर से एक सोची-समझी दूरी बना रखी है। यह दूरी महज संयोग नहीं, बल्कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और दिल्ली की गद्दी के लिए बुनी जा रही उस बिसात का हिस्सा है, जहां हर कदम फूंक-फूंक कर रखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ का बंगाल में उतरना महज एक स्टार प्रचारक की मौजूदगी नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और राजनीतिक संदेश है जो सीधे लखनऊ के गलियारों तक पहुंच रहा है।

योगी आदित्यनाथ जब पुरुलिया या कोलकाता की सड़कों पर गरजते हैं, तो उनके निशाने पर सिर्फ ममता बनर्जी नहीं होतीं, बल्कि वह तुष्टिकरण की उस राजनीति पर प्रहार करते हैं जिसे भाजपा बंगाल में अपनी जीत की कुंजी मानती है। योगी का 'स्ट्राइक रेट' अब सिर्फ चर्चा का विषय नहीं, बल्कि विपक्षी खेमे के लिए सिरदर्द बन चुका है। बिहार चुनाव में 90 फीसदी और दिल्ली में करीब 78 फीसदी की सफलता दर ने उन्हें भाजपा का सबसे बड़ा 'इम्पैक्ट मेकर' बना दिया है। वह बंगाल की धरती पर खड़े होकर जब यह कहते हैं कि 'बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है', तो वह दरअसल बंगाली अस्मिता को हिंदुत्व के साथ जोड़कर एक नया नैरेटिव सेट कर रहे होते हैं। उनका सीधा हमला कोलकाता के मेयर के उस बयान पर है जिसमें उर्दू की वकालत की गई थी। योगी यहां स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि बंगाल में केवल बंगाली और भारतीय संस्कृति चलेगी, किसी भी प्रकार का विदेशी प्रभाव या तुष्टिकरण स्वीकार्य नहीं होगा।

दूसरी ओर, अखिलेश यादव की खामोशी उत्तर प्रदेश की राजनीति के भविष्य की ओर इशारा करती है। बंगाल में ममता बनर्जी और अखिलेश के संबंध जगजाहिर हैं। ममता ने यूपी चुनाव में अखिलेश के लिए रैलियां कीं, लेकिन आज जब बंगाल में ममता को उनकी जरूरत थी, तब अखिलेश ने खुद को पीछे खींच लिया। इसके पीछे 'गठबंधन धर्म' का पेचीदा गणित है। बंगाल में कांग्रेस और लेफ्ट एक साथ हैं और टीएमसी के खिलाफ लड़ रहे हैं। यूपी में अखिलेश और कांग्रेस का अटूट साथ है। अगर अखिलेश बंगाल में ममता के मंच पर जाते, तो यूपी में कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों में दरार आ सकती थी। भाजपा को यह कहने का मौका मिल जाता कि अखिलेश 'दो नावों की सवारी' कर रहे हैं। साथ ही, बंगाल में जिस तरह से ध्रुवीकरण की राजनीति चरम पर है, अखिलेश नहीं चाहते कि वह ममता के साथ खड़े होकर 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के उन आरोपों को



खुद पर ओढ़ लें, जिससे वह यूपी में 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के जरिए बचने की कोशिश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का 'यूपी मॉडल' बंगाल में एक ब्रांड बन चुका है। वह अपनी रैलियों में बार-बार 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और आज के उत्तर प्रदेश की तुलना करते हैं। वह बताते हैं कि कैसे कभी यूपी में माफियाओं का राज था, कैसे सड़कों पर नमाज के नाम पर अराजकता होती थी और कैसे त्योहारों पर पाबंदियां थीं। उनका 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा' का नारा बंगाल के उन मतदाताओं को आकर्षित कर रहा है जो कानून-व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। योगी का बुलडोजर अब सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि सुशासन का प्रतीक बन चुका है, जिसे वह बंगाल में टीएमसी के 'गुंडाराज' के खिलाफ एक हथियार के तौर पर पेश कर रहे हैं। वह टीएमसी कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हैं कि भाजपा की सरकार बनते ही अपराधी जेल में होंगे, ठीक वैसे ही जैसे यूपी के माफिया आज बिलों में छिपे हैं या जेल की सलाखों के पीछे हैं। अखिलेश यादव के लिए चुनौती सिर्फ गठबंधन बचाने की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि को बरकरार रखने की भी है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बड़ी पार्टी बनने के बाद अखिलेश को भविष्य के पीएम चेहरे के तौर पर देखा जाने लगा है। लेकिन बिहार और अब बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों के चुनावों से उनकी अनुपस्थिति उनके 'नेशनल एंबिशन' पर सवाल खड़े करती है। क्या वह केवल यूपी के नेता बनकर रह जाना चाहते हैं? या फिर वह हिंदुत्व बनाम तुष्टिकरण की इस जंग में खुद को इतना सुरक्षित रखना चाहते हैं कि यूपी के बहुसंख्यक वोटों में कोई बिखराव न हो? राजनीतिक जानकार मानते हैं कि अखिलेश यादव इस समय भाजपा के 'सांप्रदायिक ध्रुवीकरण' के जाल में नहीं फंसना चाहते। वह जानते हैं कि बंगाल में ममता के पक्ष में खड़ा होना सीधे तौर पर भाजपा के हिंदुत्व के पिच पर खेलने जैसा होगा, जो उत्तर प्रदेश में उनके 'पीडीए' समीकरण को बिगाड़ सकता है। योगी आदित्यनाथ की रैलियों में उमड़ता जनसैलाब और उनका आक्रामक तेवर यह साफ करता है कि भाजपा ने बंगाल को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। योगी का 'गौ-माता' और 'राम' का मुद्दा सीधे तौर पर बंगाल की सांस्कृतिक जड़ों को छूने का प्रयास है। वह ममता बनर्जी के उस 'गुस्से' को ढाल बना रहे हैं जो वह 'जय श्री राम' के नारों पर दिखाती रही हैं। योगी का यह कहना कि 'ममता दीदी राम नाम से चिढ़ती हैं', बंगाल के हिंदू मतदाताओं के मन में एक गहरा प्रभाव छोड़ रहा है। वह इस लड़ाई को 'बंगाली अस्मिता बनाम बाहरी' से मोड़कर 'हिंदुत्व बनाम तुष्टिकरण' पर ले आए हैं। कोलकाता के मेयर के बयान को आधार बनाकर उन्होंने बंगाली अस्मिता को बचाने का जो कार्ड खेला है, उसने टीएमसी की रणनीति को बैकफुट पर धकेल दिया है।

बहरहाल, यह चुनाव केवल बंगाल की सत्ता का फैसला नहीं करेगा, बल्कि यह आने वाले समय में उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा। योगी आदित्यनाथ जहां अपनी 'हिंदुत्ववादी छवि' और 'कठोर प्रशासक' के ठप्पे को और मजबूत कर रहे हैं, वहीं अखिलेश यादव एक 'वेट एंड वॉच' की नीति पर चल रहे हैं। योगी के लिए बंगाल एक प्रयोगशाला है जहां वह अपने यूपी मॉडल की सफलता को परख रहे हैं, ताकि 2027 में वह और अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर सकें। वहीं अखिलेश के लिए बंगाल एक ऐसी आग है जिससे वह अपने दामन को बचाकर निकलना चाहते हैं ताकि यूपी की जंग में वह बेदाग रहें। बंगाल के इस चुनावी रण में योगी की 'गर्जना' और अखिलेश का 'मौन' दोनों ही भारतीय राजनीति के भविष्य के गर्भ में छिपे बड़े बदलावों की पटकथा लिख रहे हैं। अब देखना यह है कि बंगाल की जनता योगी के 'रामराज्य' के आह्वान को चुनती है या ममता की 'अकेली लड़ाई' पर मुहर लगाती है।

व्यंग्य

# अदालतों की तारीख

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

बंसीलाल ने जब अपने पड़ोसी पर दीवार गिराने का मुकदमा दर्ज किया था, तब उनके सिर पर काले बाल थे और आंखों में तेज था। आज पैंतालीस साल बाद, जब वे अदालत की सीढ़ियां चढ़ रहे थे, तो उनके हाथ में लाठी थी और आंखों में मोतियाबिंद का धुंधलका। जज साहब



ने चश्मा ठीक किया और फाइल के पन्ने पलटते हुए बोले, "हम्म... बंसीलाल बनाम रामगुलाम। रामगुलाम का क्या हुआ?" वकील ने जवाब दिया, "हुजूर, वे तो बीस साल पहले ही स्वर्ग सिधार गए, अब उनका पोता केस लड़ रहा है।" जज साहब ने दूसरी तारीख देते हुए कहा, "अगली सुनवाई 2045 में होगी, क्योंकि अभी 'जरूरी' केसों की लिस्ट लंबी है।" बंसीलाल ने कांपती आवाज में पूछा, "हुजूर, क्या तब तक मैं जीवित रहूंगा?" जज साहब मुस्कुराए, "यह कानून की चिंता नहीं है बंसीलाल, यह बायोलॉजी का विषय है।" बंसीलाल अदालत के बाहर निकले और पास के पेड़ के नीचे बैठ गए। उन्होंने देखा कि उनकी दीवार तो अब ढहकर मिट्टी बन चुकी है, और वहां एक विशाल मॉल खड़ा हो गया है। वकील साहब पीछे से आए और बोले, "चिंता मत करो बंसीलाल, मैंने आपकी 'अगली सात पीढ़ियों' का वकालतनामा साइन करवा लिया है। न्याय भले ही न मिले, पर 'तारीख' कभी खत्म नहीं होगी।" बंसीलाल को अचानक ययाति की याद आई, जिसने अमरता मांगी थी। उन्हें लगा कि भारत में न्याय पाने के लिए अमर होना सबसे पहली शर्त है। वे घर लौटे और अपने पोते को वसीयतनामा थमाया, जिसमें लिखा था—"बेटा, दीवार का दुख छोड़ो, बस 'तारीख' का सम्मान बनाए रखना।"

### मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर शिक्षक ने की आत्महत्या, क्षेत्र में आक्रोश

# विधायक व परिजनों की मांग, दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,23 अप्रैल।** जिले के पालनार गांव में स्थित प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान अध्यापक राजू पुजारी द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें तीन लोगों के नाम लिखे होने की बात सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षक राजू पुजारी द्वारा बुधवार सुबह अपने खेत के पास फांसी लगाकर आत्महत्या की। उनके जेब से मिले सुसाइड नोट में प्रधान अध्यापक ने तीनों व्यक्तियों पर आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों और परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मामले में नामजद व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है।आत्महत्या के मामले में सियासी हलचल तेज हो गई है। मामले को लेकर स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।विधायक ने प्रशासन से मांग की है कि सुसाइड नोट में ठेकेदार, इंजिनियर और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी मौत का जिम्मेदार ठहराया है, उनके खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।इधर, पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी है। नामजद लोगों से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गहराई से पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

# कलेक्टर-मीडिया संवाद
## जिले में विकास की नई पहल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 अप्रैल।** नक्सल-मुक्त बीजापुर को विकास की नई राह पर अग्रसर करने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर सार्थक चर्चा हुई। पत्रकारों ने अपनी मांगों को कलेक्टर के समक्ष रखा गया। कलेक्टर ने हर संभव सहयोग देने की बात कही।

चार दशकों की चुनौती के बाद नया अवसर बीजापुर जिला पिछले चार दशकों से माओवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण रहा। अब नक्सल-मुक्त स्थिति बनने के बाद जिले के समग्र विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में रिपोर्टिंग के दौरान किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वर्तमान में स्थितियां कैसे बदल रही हैं। साथ ही, स्थानीय समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को भी विस्तार से अपना पक्ष रखा।समन्वय और पारदर्शिता पर जोरकलेक्टर ने प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर तालमेल, पारदर्शिता और सहभागिता को विकास की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि मीडिया की सक्रिय भूमिका से योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आसान होगा और जनभागीदारी भी बढ़ेगी।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टर और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच बैठक आयोजित की जाएगी। इससे संवाद और समन्वय को निरंतर मजबूती मिलेगी।

### बीजापुर की तस्वीर बदलने वाली पहल

मीडिया और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से बीजापुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।बैठक में संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जन संपर्क अधिकारी दिनेश नेताम सहित जिले के समस्त मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खाद्य विभाग ने किया बिट्टू ढाबा का औचक निरीक्षण



**बीजापुर 22 अप्रैल (तछसं.)।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले के किराना दुकान व ढाबे का औचक निरीक्षण किया गया। अभिहीत अधिकारी डीके देवांगन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता द्वारा शहर के बबलू किराना एवं जनरल स्टोर तथा बिट्टू ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बबलू किराना से सत्तू का नमूना लैब में जांच हेतु लिया गया। बिट्टू ढाबा के निरीक्षण के दौरान ढाबे के रसोई में अस्वच्छता और अव्यवस्था पाई गई। जिस पर ढाबा संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई व कमियों का रिपोर्ट तैयार कर नोटिस भेजा गया है। नोटिस का पालन नहीं किये जाने पर कार्रवाई करने की बात कही गई है।

मालूम हो कि गत सप्ताह भैरमगढ़ में मेसर्स चंदन इन्टरप्राइजेस से फरसन आटा और बालूशाही का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। साथ ही संबंधित के विरूद्ध मिथ्याछाप खाद्य सामाग्री विक्रय करने की कार्यवाही भी की गई थी।नमूने का जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पश्चात ही अन्य कार्रवाई की जाएगी।

### टीबीमुक्त भारत अभियान शिविर में 155 ग्रामीणों की आधुनिक एक्स-रे जांच



**जगदलपुर, 23 अप्रैल।** अंतर्गत बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड में बुधवार को एक प्रभावी पहल देखने को मिली। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशन में संचालित '100 दिवसीय टीबी अभियान' के तहत उच्च जोखिम वाले ग्रामों में सघन जांच शिविर आयोजित किया गया।अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन से ग्रामीणों की मौके पर ही जांच की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड के छापरभानपुरी गांव में 115 तथा सिरिसगुड़ा में 40 संभावित मरीजों की पहचान कर उनका डिजिटल एक्स-रे किया गया। इस प्रकार कुल 155 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई। उन्होंने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से टीबी के लक्षणों वाले मरीजों की त्वरित पहचान संभव हो पा रही है। साथ ही हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे मरीजों को घर के पास ही उच्च स्तरीय जांच की सुविधा मिल रही है और उनके समय व धन दोनों की बचत हो रही है।

### छोटेदेवड़ा में 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी पर सरपंच ने कमिश्नर को पत्र लिख जांच की मांग की




**जगदलपुर,23 अप्रैल।** विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत छोटेदेवड़ा में 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग को लेकर कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। सरपंच संतोष कुमार कश्यप ने बस्तर संभाग के कमिश्नर को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है।शिकायत में सरपंच ने आरोप लगाया है कि 2 लाख 17 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य कागजों में दर्शाया गया, जबकि धरातल पर कोई निर्माण नहीं हुआ। उक्त राशि का भुगतान सीमांचल बघेल के आईडीबीआई बैंक खाते में किए जाने का उल्लेख किया गया है।सरपंच का आरोप है कि पंचायत सचिव सोनाधर कश्यप एवं संबंधित व्यक्ति ने मिलीभगत कर राशि का दुरुपयोग किया है। कार्य के संबंध में जानकारी लेने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की बात कही गई है।इस मामले में सरपंच ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं से शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।शिकायत पत्र में सरपंच के साथ ग्राम पंचायत के कई पंचों ने भी हस्ताक्षर कर जांच की मांग का समर्थन किया है। वहीं स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# मंत्रालय के आदेश की अनदेखी, खंड शिक्षा अधिकारी के फैसले पर बढ़ा विवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,23 अप्रैल।** जिले में शिक्षा विभाग के एक आदेश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आमापारा और शीतलापारा प्राथमिक शालाओं के युक्तियुक्तकरण को लेकर जारी आदेशों में विरोधाभास सामने आने से स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ गया है। मंत्रालय स्तर से जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विपरीत निर्णय लिए जाने से न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि वार्डवासियों में भी भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### मंत्रालय बनाम स्थानीय आदेश, आखिर सही कौन

मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से शीतलापारा प्राथमिक शाला को आमापारा प्राथमिक शाला में समायोजित करने की बात कही गई थी। लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी के स्तर पर जारी आदेश में उलट फैसला लेते हुए आमापारा प्राथमिक शाला को शीतलापारा में जोड़ने की बात सामने आई। इस विरोधाभासी निर्णय ने पूरे मामले को उलझा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी नए उच्चस्तरीय निर्देश के इस तरह का बदलाव करना नियमों की अनदेखी को दर्शाता है।

### वार्डवासियों में आक्रोश, निर्णय पर उठे सवाल

आमापारा वार्ड के निवासियों ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि जब पहले से स्पष्ट आदेश मौजूद है, तो उसी के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने मनमाने तरीके से निर्णय लिया, जिससे अभिभावकों और बच्चों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। वार्ड के कई नागरिकों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताया है।

### शिक्षा व्यवस्था पर पड़ सकता है व्यापक असर

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह के विरोधाभासी आदेशों का सीधा असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ता है। यदि स्कूलों का स्थान बदलता है, तो बच्चों को अधिक दूरी तय करनी पड़ सकती है, जिससे उनकी नियमित पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा सुविधाओं में असमानता, शिक्षक व्यवस्था और संसाधनों के बंटवारे पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अभिभावकों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि स्थिति जल्द स्पष्ट नहीं हुई, तो बच्चों की पढ़ाई बाधित हो सकती है।

वार्डवासियों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और मंत्रालय के मूल आदेश को लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने। साथ ही, यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### जनप्रतिनिधियों की मांग, स्कूल बंद नहीं बल्कि उन्नत किया जाए

वार्ड के गणमान्य सदस्य और जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि आमापारा प्राथमिक शाला पिछले 30 वर्षों से संचालित हो रही है और यह क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। स्कूल बंद होने से बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन के सामने यह मांग भी रखी थी कि स्कूल को बंद करने के बजाय इसे अंग्रेजी माध्यम स्कूल में परिवर्तित किया जाए, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# तोकापाल कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन, छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,23 अप्रैल।** तोकापाल ब्लॉक के शहीद हरचंद नाईक शासकीय महाविद्यालय तोकापाल में एनसीसी 10 सीजी स्वतंत्र कम्पनी जगदलपुर के तत्वावधान में विश्व रचनात्मक एवं नवाचार दिवस तथा पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजित प्रतियोगिताओं में नवोन्मेशी (नवाचार) विचार प्रतियोगिता, पर्यावरण-अनुकूल रचनात्मक कला तथा पोस्टर प्रतियोगिता प्रमुख रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सृजनात्मक सोच को विकसित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीसी के केयर टेकर डॉ. ज्ञानचंद्र साहू ने कहा कि रचनात्मकता ही मनुष्य को जीवंत बनाए रखती है और नवाचार उसे संघर्षशील बनाता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, तकनीक और उद्योग के क्षेत्र में नवाचार आधारित समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। वहीं ईको क्लब प्रभारी श्रीमती मंजूश्री चेरपा बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी केवल हमारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी धरोहर है। उन्होंने पेड़ लगाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और ऊर्जा संरक्षण जैसे छोटे-छोटे प्रयासों पर जोर दिया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता रही।

### जिले में 'बस्तर मुन्ने' के तहत प्रत्येक गांव में 1 मई से लगेंगे विशेष संतृप्तता शिविर

**कांकेर 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए ÷बस्तर मुन्ने÷ (अग्रणी बस्तर) अभियान का आगाज़ किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 01 मई से जिले की सभी ग्राम में विशेष 'संतृप्तता शिविरों' का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि अभियान का प्राथमिक लक्ष्य एनसीएईआर सर्वेक्षण के दौरान 'नियद नेल्लानार' योजना के अंतर्गत चिन्हित उन परिवारों को लाभान्वित करना है, जो वर्तमान में किन्हीं कारणों से शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं।

# भाजयुमो ने कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन कर जताया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 23 अप्रैल।** (भाजयुमो) ने बुधवार को महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी एवं उसके नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। धरमपुरा स्थित पीजी कॉलेज के सामने कार्यकर्ताओं ने और दीपक बैज के पुतले दहन कर आक्रोश जताया।प्रदर्शन के दौरान भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने तख्तियां, बैनर और नारेबाजी के माध्यम से कांग्रेस के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

भाजपा पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध कर महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया।जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनबारी भद्रे ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन ला सकता था, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध से इसकी भावना को ठेस पहुंची है

भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव ने कहा कि पिछले वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रवैया महिलाओं के हितों के विपरीत है। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला-पुरुष प्रसाधन पर लटका ताला, भटकने को मजबूर ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा,23 अप्रैल ।** तहसील कार्यालय चारामा के परिसर में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए नवनिर्मित महिला.पुरुष प्रसाधन पर इन दिनों ताला लटका हुआ है। विडंबना यह है कि लाखों रुपये की लागत से तैयार यह सुविधा अभी तक आम लोगों के उपयोग के लिए शुरू नहीं की गई हैए जिसके चलते अपने राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । तहसील कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण विभिन्न शासकीय कार्यों जैसे नामांतरणए आय.जाति.निवास प्रमाण पत्रए राजस्व संबंधी प्रकरण के लिए पहुंचते हैं। इनमें महिलाएंए बुजुर्ग और दिव्यांग भी शामिल होते हैं। बावजूद इसकेए मूलभूत सुविधा के रूप में निर्मित प्रसाधन पर ताला लटका होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रसाधन भवन का निर्माण कई महीने पहले ही पूरा हो चुका हैए लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया। मजबूरी में लोगों को खुले में या आसपास के निजी प्रतिष्ठानों की शरण लेनी पड़ रही है। विशेषकर महिलाओं को इस स्थिति में अधिक असुविधा और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा है कि जल्द से जल्द प्रसाधन का ताला खुलवाकर इसे आम उपयोग के लिए शुरू किया जाएए ताकि तहसील कार्यालय आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधा मिल सके।

# पाइप फूटने से सैकड़ों लीटर पानी बह रहा सड़कों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 23 अप्रैल।** नगर के बैंक चौक चौराहे में सड़क के नीचे की पानी सप्लाई वाली पाइपलाइन लीकेज हो जाने से बीते 4 दिनों से सैकड़ों लीटर पानी सड़कों पर सुबह शाम बह रहा है। इस समय प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में पानी की अहमियत क्या है यह बताने की आवश्यकता नहीं है। नगर पालिका के अधिकारियों, नल जल प्रभारी इन सभी को पाइप लाइन लीकेज होने की जानकारी है बावजूद इसे ठीक करने में विलंब किया जाना समझ से परे है। ईधर पाइपलाइन के लीकेज होने से नगर के ट्राईवल कालोनी कन्या आश्रम के पीछे के मोहल्लों के घरों में गंदा लाल पानी नलों में आ रहा है जिससे लोग खासे परेशान हैं। नगर पालिका को शिकायत भी की जा चुकी है जिसके उपरांत भी पाइप लाइन को जल्द ठीक नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका की सुस्त एवं लचर पस्त कार्यप्रणाली से नगरवासी बेहद परेशान हैं। नगर पालिका अध्यक्ष को इस बात से कोई सरोकार नहीं होता कि नगर के लोगों को क्या दिक्कतें आ रही है। फोन करके समस्या बताने के बावजूद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जनता की तकलीफों एवं समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रखते जिसके चलते अब नगरवासी चुने हुए इन जनप्रतिनिधियों को अपना वोट रूपी आर्शीवाद देकर अपने को ठगा सा महसूस करने लगे हैं। इस विषय पर पालिका सीएमओ वीकेएस पालदास संपर्क कर पाइपलाइन लीकेज के विषय में बताया गया तो उन्होने कहा कि उन्हें पता है वे स्वयं लीकेज हुए पाइपलाइन का मौका स्थल पर

# ग्राम छिंदनार में सचिन तेंदुलकर ने मल्टी स्पोर्ट्स मैदान का उद्घाटन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 23 अप्रैल । छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले का स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाई स्कूल छिंदनार गाँव बुधवार को एक ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बना, जहाँ क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने सचिन तेंदुलकर एवं मानदेशी फाउंडेशन द्वारा निर्मित मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मानदेशी फाउंडेशन की फाउंडर चेतना सिन्हा भी सचिन के साथ मौजूद रहीं, जो इस क्षेत्र में बुनियादी विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिलकर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में तेंदुलकर परिवार की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में सचिन, सारा और सोनिया ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने न केवल बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित किया, बल्कि स्वयं भी उनके साथ शामिल होकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया। कार्यक्रम के दौरान रस्साकशी, वॉलीबॉल, दौड़ और खो-खो जैसे रोचक खेल आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। इन गतिविधियों से बच्चों में टीम भावना, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास हुआ। साथ ही, सचिन, सारा और सोनिया के सहयोग से बच्चों को प्रोत्साहन मिला और वे नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुए। उल्लेखनीय है कि छिंदनार के गांव के ही छात्र छात्राएं भूमिका ठाकुर, नियासा मौर्य, निर्मला तरमा, पायल ठाकुर, सीताराम पुनर्म, अमित कुमार द्वारा श्री सचिन तेंदुलकर को खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

मैदान के उद्घाटन के पश्चात सचिन तेंदुलकर ने देश की युवा प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए केवल व्यक्तिगत जुनून पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर आधुनिक और सुदृढ़ खेल सुविधाओं का होना अनिवार्य है। इस दौरान सचिन ने खुद को केवल क्रिकेट पिच तक सीमित न रखते हुए वॉलीबॉल और अन्य मैदानी खेलों के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि विभिन्न खेलों में भागीदारी करने से खिलाड़ियों की रणनीतिक समझ और मानसिक परिपक्वता बढ़ती है। फाउंडेशन की इस दूरगामी पहल के तहत क्षेत्र के 50 गाँवों में इसी तरह के खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, जहाँ क्रिकेट के साथ-साथ फुटबॉल और कबड्डी जैसी विधाओं को भी समान रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही सचिन तेंदुलकर ने छात्रों को प्रेरणा देते हुए कहा कि उन्होंने एक अपनी जीवन की शुरुआत मैदान से ही प्रारंभ किया था और आज इन सभी बच्चों को देख कर पुरानी यादें ताजा हो रही है। उन्होंने छात्रों को इंगित करने हुए कहा कि यहां सब ऐसे हीरे उपस्थित है जिन्हें तराशा जाना है क्योंकि हीरे की कीमत उसके पॉलिश करने के उपरांत ही होती है और उन्हें खुशी है कि माणदेशी फाउंडेशन के कोच बच्चों की प्रतिभा को तराशने का काम बखूबी कर रहे हैं उन्हेंने आगे कहा कि जीवन में कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का संगम ही व्यक्ति को ऊंचाइयों पर ले जाता है अतः सफलता के लिए जरूरी है कि हम शॉर्टकट न अपनाए और उपरोक्त सिद्धांतों पर अमल करें। इस मौके पर श्री तेंदुलकर ने अपने जीवन में पिता की भूमिका का भी स्मरण किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बना कर चले। इसके अलावा श्री तेंदुलकर ने कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के प्रारंभ होने में उनकी पत्नी अंजली का सर्वाधिक योगदान है। और अब उनकी पुत्री सारा, पुत्र अर्जुन, तथा बहु सानिया भी उसी नक्शे कदम पर चलकर फाउंडेशन कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। अंत में उन्होंने कहा कि आज आपके बीच मुझे उपस्थित रहकर आपसे भी ज्यादा खुशी का अहसास हो रहा है इस दौरान बच्चों के द्वारा सचिन तेंदुलकर के आगामी जन्म दिवस को देखते हुए अग्रिम केक काटा गया। जिसके लिए सचिन तेंदुलकर ने बच्चों को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल ''जन्म दिवस मुबारक हो'' के नारों से गूंज उठा। इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर द्वारा श्री तेंदुलकर को स्मृति चिन्ह के रूप में टेराकोटा शिल्प एवं छिंदनार के ग्राम वासियों द्वारा लौह शिल्प की कलाकृतियां दी गई। इसके अलावा कार्यक्रम मानदेशी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न खेल जैसे रस्साकस्सी, बालिवाल, कबड्डी, दौड़ के विजेता प्रतिभागियों को सचिन तेंदुलकर के हाथों मोमेन्टो प्रदान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि बस्तर अब नक्सल मुक्त होकर शांति और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है, जहां के बच्चों में अपार प्रतिभा है। सचिन एवं मानदेशी फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों को खेलों के प्रति जो प्रेरणा मिल रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बस्तर के बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। कलेक्टर ने युवाओं पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि खेल, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतिभागियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# धर्मनगरी खरसिया में गौसेवा के नौ वर्ष-राकेश केशवानी के संकल्प से बदली बेजुबानों की हालत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की हृदयस्थली और धर्मनगरी के रूप में विख्यात खरसिया आज पूरे देश में गौसेवा का एक बड़े केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका है। इस सेवा यात्रा के पीछे एक ऐसे शख्स का अटूट संकल्प है, जिसने सड़क पर तड़पते गोवंश की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा और बिना किसी सरकारी मदद या बड़ी संस्था के इंतजार के अकेले ही इस दुर्गम पथ पर निकल पड़ा। खरसिया के प्रमुख गौसेवक राकेश केशवानी की गौसेवा के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं, जो न केवल बेजुबानों की सेवा का प्रतीक है, बल्कि अटूट श्रद्धा और संघर्ष से मिली विजय की एक जीती-जागती मिसाल भी है।




### संकल्प पूरा होता हुआ खरसिया नगर के आस-पास पंद्रह बीस गौसेवा टीम तैयार

आज से ठीक नौ साल पहले की बात है जब खरसिया की सड़कों के किनारे दुर्घटना का शिकार हुए और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त गोवंश की दुर्दशा देखकर राकेश केशवानी का मन विचलित हो उठा। उस समय स्थिति ऐसी थी कि धूप और बरसात में घायल गोवंश सड़कों पर पड़े रहते थे, घावों में कीड़े पड़ जाते थे और बेसुध अवस्था में उन्हें आवारा कुत्ते नोचते थे। राकेश केशवानी ने इस विकट समस्या को लेकर उस वक्त नगर पालिका, पशु चिकित्सालय और विभिन्न गौशालाओं के चक्कर लगाए, मिन्नतें की लेकिन किसी ने भी उन बेसहारा घायलों को रखने की जिम्मेदारी नहीं ली। यहां तक कि कई गौपालक भी अपने गोवंश के घायल होने पर उन्हें मरता छोड़ कर चले जाते थे। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में राकेश केशवानी ने स्वयं मोर्चा संभाला और नगर पालिका के प्रांगण में ही घायल गोवंश की सेवा और उपचार शुरू किया। शुरुआत में नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों का साथ मिला और फिर धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया।

निरंतर जागरूकता से युवाओं की फौज तैयार हुई सेवा की इस लौ को जलाए रखने के लिए उन्होंने खरसिया स्टेशन चौक के पास खाली पड़ी जमीन पर एक अस्थाई टेंटनुमा झोपड़ी बनाई, जहां आज चौपाटी स्थित है। राकेश केशवानी के इस निस्वार्थ कार्य को देखकर नगर के युवाओं का खून भी उबाल मारने लगा और देखते ही देखते 20 से 25 ऊर्जावान युवाओं की एक ऐसी फौज तैयार हो गई, जो दिन-रात बेजुबानों की सेवा में जुट गई। गौसेवा के साथ-साथ राकेश केशवानी ने जनजागरूकता का भी बीड़ा उठाया और गोपाष्टमी, दुर्गाष्टमी तथा रामनवमी जैसे पावन अवसरों पर भव्य शोभायात्रा और गौ-भंडारा का आयोजन शुरू किया।

खरसिया से निराश्रित कुत्तों कि खुजलीनाशक दवा अभियान देश का अभियान बनाकोरोना काल की विभीषिका के दौरान जब निराश्रित कुत्तों में एक अजीब तरह की खुजली की बीमारी फैली, तब भी राकेश केशवानी पीछे नहीं हटे। जब कहीं से मदद नहीं मिली तो उन्होंने दिल्ली के चिकित्सक से सलाह लेकर ऑनलाइन दवाइयां मंगवाईं और खुद कुत्तों का उपचार किया, जिससे उनकी जान बच सकी।

### गौ भंडारा पूरे देश में बनी परंपरा

खरसिया से ही शुरू हुआ गौ-भंडारा आज एक परंपरा बन चुका है, जहां सड़कों पर भटक रहे भूखे-प्यासे गोवंश को दलिया, चावल, हरी सब्जियां और चारा खिलाया जाता है। खरसिया से निकले कई अभियान जिनका पुरे प्रदेश में हो रहा अनुसरणसुरक्षा कवच के रूप में रेडियम बेल्ट पहनाना, लम्पी वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान और जगह-जगह पानी का कोटना रखवाना जैसे कार्यों की शुरुआत राकेश केशवानी ने खरसिया की धरती से ही की, जिसका अनुसरण आज प्रदेश के कई जिलों में हो रहा है। उनकी प्रेरणा से आज डभरा, चंद्रपुर, जैजैपुर, बोतल्दा, सरवानी, फरसवानी और चपले जैसे सैकड़ों गांवों और शहरों में गौसेवा टीमें सक्रिय हैं।

### हजारों गौवंश जीवों के प्राण रक्षा में सफलता

राकेश केशवानी के नौ वर्षों के इस सफर में हजारों गोवंश और अन्य बेजुबानों की जान बचाई गई है और जो गोवंश उपचार के दौरान गोलोकवासी हो जाते हैं, उन्हें पूरे सम्मान के साथ भू-समाधि दी जाती है।

### गौसेवा से जुड़ना प्रेरणादायक

राकेश केशवानी के गौसेवा से जुड़ने की कहानी बेहद भावुक और प्रेरणादायक है। एक समय था जब 2011 से पहले उनका करोड़ों का कारोबार था, लेकिन 11 नवंबर 2011 को बेजाकब्जा के नाम पर दुकान टूटने के बाद उनके जीवन में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। आगजनी और लगातार व्यापारिक नुकसान के कारण उनकी जमा-पूंजी और प्रॉपर्टी हाथ से निकल गई। कर्ज के बोझ और अपनों की मानसिक प्रताड़ना के बीच जब वे पूरी तरह टूट चुके थे, तब उन्होंने खुद को गौसेवा के पवित्र कार्य में झोंक दिया।

### गौमाता के आशीर्वाद से जीवन में खुशहाली लौटी

राकेश केशवानी का मानना है कि गौमाता के आशीर्वाद से ही उनके जीवन में फिर से खुशहाली लौटी, बच्चे काबिल हुए और खोया हुआ मान-सम्मान व कारोबार वापस मिला। आज वे अपने सात माह के पोते और भरे पूरे परिवार के साथ सुखद जीवन व्यतीत कर रहे हैं और समाज को यही संदेश दे रहे हैं कि गौसेवा ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म और कल्याण का मार्ग है।

## एक नजर

### ज्ञानभारतम् राष्ट्रीय पाण्डुलिपि का सर्वेक्षण 15 जून तक

**कांकेर 23 अप्रैल ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत देश एवं राज्य में उपलब्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का सर्वे, सूचीकरण एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से विभिन्न संस्थानों एवं निजी संग्रहों में संरक्षित पाण्डुलिपियों का व्यवस्थित सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री विकास शील ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर आगामी 15 जून तक किए जाने वाले सर्वेक्षण में तेजी लाने के निर्देश कलेक्टरां को दिए। कांकेर जिले से कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने इसमें हिस्सा लिया।वीसी में मुख्य सचिव ने बताया कि यह सर्वेक्षण उन पांडुलिपियों को खोजने और सूचीबद्ध करने का प्रयास है, जो वर्तमान में परिवारों, मंदिरों, मठों, संस्थानों या निजी संग्रहों में सुरक्षित है।

### जनगणना-2027 नगरीय निकायों में प्रशिक्षण प्रारंभ

**कांकेर 23 अप्रैल ।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत नगरीय क्षेत्र के 36 प्रगणकों और 6 पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण नगर पालिका सभाकक्ष में जारी है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नगरीय चार्ज अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने डिजिटल जनगणना में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के दायित्वों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधान, मूलभूत तकनीकी शब्दावली जैसे, मकान सूचीकरण, जनगणना भवन, परिवारों के प्रकार और स्व-गणना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही फील्ड ट्रेनरों ने जनगणना के इतिहास, फील्ड वर्क और पूछे जाने वाले प्रश्नों पर भी मार्गदर्शन दिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला जनगणना अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण का कार्य संपन्न हो चुका है, जबकि वर्तमान में नगरीय निकायों में प्रशिक्षण जारी है।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन 24 अप्रैल को, ग्राम पंचायतों में अनेक गतिविधियों का आयोजन

**कांकेर 23 अप्रैल।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी कर शासन के निर्देशानुसार अलग-अलग गतिविधियां ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएंगी, जिसमें सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्राम संवाद आयोजित होगा, जिसमें उप मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 20 मिनट का रिकॉर्डेड संदेश ग्रामवासियों को सुनाया जाएगा। इसके अलावा ÷ग्राम संपदा ऐप में ग्राम की सभी परिसंपत्तियों को अपलोड करने का संकल्प व वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत÷ हमारा कोष, हमारा अधिकार के तहत आरोपित कर का संग्रहण को लेकर संकल्प पारित किया जाएगा। उक्त ग्राम सभा में राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत कलाकारों, नर्तकों, खिलाड़ियों या अन्य विधा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले तथा लखपति दीदी का सम्मान भी किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में तैयार स्कोर कार्ड का प्रदर्शन किया जाएगा तथा ग्रामों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प पारित किया जाएगा और सार्वजनिक व शासकीय भवनों में साफ-सफाई की जाएगी। इसी तरह उक्त दिवस सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रस्ताव पर चर्चा एवं संरक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही तथा आदर्श ग्राम पंचायत बनाए।

### पुलिस ने छापा मारकर गांजा जब्त किया

**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि डेरा बस्ती फरीद नगर सुपेला क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बिक्री का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर थाना सुपेला पुलिस तत्काल रेड मारकर कार्रवाई की। मौके पर आरोपी नंदनी धुर्वे के कब्जे से एक थैले में भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा वजन 1.780 किलोग्राम कीमती लगभग 90,000 रुपए जब्त किया। साथ ही नाबालिग के कब्जे से 1.150 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 55,000 रुपए, एक नग मोबाइल फोन एवं नगदी 300 रुपए जब्त किया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि गांजा उसकी मां ने बिक्री के लिए दिया जाता था इससे प्राप्त राशि आरोपी को दी जाती थी।

# शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार का हुआ भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 23 अप्रैल।** नगर में प्राचीन शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन 23 अप्रैल, दिन गुरूवार को सुबह 9 बजे शुभ मुहूर्त में विधायक चैतराम अटामी, शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष, माता मंदिर के मुख्य पुजारी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर के अन्य समस्यगण, शीतला माता मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, मांझी, 12 परगना के माटी पुजारी भी उपस्थित रहे। पंडित विभूतिभूषण मिश्रा ने विधि विधान से पूजा पाठ एवं मंत्रोच्चार कर भूमिपूजन कार्य को संपन्न करवाया। माता मंदिर समिति के अध्यक्ष परमेश्वर नाथ जिया ने भूमि पर कुदाली चलाकर मिटटी खोदा जिसके बाद दुध, घी, दही, गंगाजल, शहद, पुष्प फल आदि भूमि को अर्पित कर शीतला माता एवं नगर रक्षक भोदराज देव से मंदिर के जीर्णोद्धार की अनुमति मांगी गई। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बहुत समय से शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग हो रही थी। हम सभी के प्रयास से अब यह काम भी सफल होने जा रहा है। बहुत जल्द ही नगर के लोगों को एक नए स्वरूप में माता मंदिर देखने को मिलेगा। मंदिर के जीर्णोद्धार हो जाने से भक्तों को भी मंदिर के अंदर जाकर पूजा पाठ में आराम होगा अभी मंदिर के अंदर का स्पेस काफी छोटा है जिसके चलते विशेष पूजा पाठ के अवसर पर भक्तों को थोड़ी असुविधा होती थी जो अब जीणेद्वार के बाद ये समस्या नहीं रहेगा। बता दें कि एक दिन पूर्व ही शीतला माता मंदिर समिति का नवगठन हुआ था जिसमें समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी परमेश्वर नाथ जिया को सर्व सम्मति मिला है। मंदिर समिति के सचिव की जिम्मेदारी वरिष्ठ वकील हरि डेगल को दी गई है वहीं कोषाध्यक्ष का काम नपा उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा देखेंगे। काफी लंबे समय से शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्वार की मांग मंदिर के पुजारी एवं मंदिर समिति के अन्य सदस्गण करते रहे जिसके फलस्वरूप ही मंदिर के जीणोद्वार का रास्ता प्रशस्त्र हो पाया। प्रशासन ने बीते साल ही डीएमएफ फंड से 55 लाख रूपए की राशि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत कर दिया था लेकिन कागजी कार्यवाई को आगे बढ़ाने में देरी के चलते जीर्णोद्वार के कार्य में थोड़ा विलंब हुआ है। अब भूमिपूजन हो जाने के बाद मंदिर जीर्णोद्वार का काम तीव्र गति से हो पाएगा। ठेकेदार विवेक देवांगन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्वार के साथ साथ एक भोगसार कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण भी किया जाएगा।

# सुशासन तिहार:पंचायतों के सचिव,पटवारी व ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

मोहला, 23 अप्रैल । सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष एवं मानपुर सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत सचिवों, पटवारियों एवं ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को मांग के अनुरूप आगामी कार्ययोजना में शामिल करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, राशन कार्ड निर्माण, मनरेगा जॉब कार्ड, मजदूरी भुगतान, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, पेंशन एवं अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों को गंभीरता से लेने तथा उनकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का विधिवत संधारण एवं सूचीकरण कर गांववार अलग-अलग अद्यतन किया जाए। शिविर स्थलों पर बैठने, छांव एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा क्लस्टर ग्राम पंचायतों की जानकारी अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को अपने-अपने पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर पंचायतों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने तथा पंचायत कार्यालयों के सभी रजिस्टर अद्यतन रखने को कहा।

# जिले में एनडीडीबी डेयरी समग्र योजना से आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं महिलाएं

**जशपुरनगर 23 अप्रैल।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी समग्र योजना छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का नया आधार बन रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के 24 गाँवों की 447 महिला डेयरी उत्पादक किसान सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पशुपालन को एक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में स्थापित कर रही हैं। योजना के तहत पशु नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 27 आदिवासी महिला हितग्राहियों को उन्नत साहिवाल नस्ल की दुधारू गायें वितरित की गई हैं।

साहिवाल नस्ल अपनी उच्च दुग्ध क्षमता और रोग प्रतिरोधक शक्ति के लिए जानी जाती है। जिले के 24 गांवों की 447 महिलाएं इस मुहिम का हिस्सा हैं, जिनमें से 114 आदिवासी महिला आधिकारिक तौर पर पंजीकृत होकर संस्थागत रूप से कार्य कर रही हैं।वर्तमान में 197 सक्रिय महिला सदस्य प्रतिदिन दूध की संकलित कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में प्रतिदिन औसतन 1,075 लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करते हुए, इस वित्तीय वर्ष में 05 जून से 31 मार्च 2026 तक 374 महिला हितग्राहियों के खातों में 80,54,467(अस्सी लाख चौवन हजार चार सौ सडसठ )रुपये की राशि सीधे के माध्यम से महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है।

### महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

यह योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे खातों में पहुंचने से महिलाओं में उत्साह बढ़ा है और वे अधिक वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन की ओर अग्रसर हो रही हैं। प्रशासन और एनडीडीबी का लक्ष्य आने वाले समय में अधिक से अधिक गांवों और महिलाओं को इस डेयरी नेटवर्क से जोड़ना है, ताकि जशपुर जिला दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर सके।

# जिले के 204 यात्री श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

**जशपुरनगर 23 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले के भी श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है।

श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा के तहत अब तक जिले से 2640 श्रद्धालुओं को श्री रामलला (अयोध्या धाम) के दर्शन कराए जा चुके है। इसी कड़ी में इस योजना से यात्रा हेतु 13 वां जत्था को मंगलवार को सुबह जिले के समस्त जनपद व नगर पंचायत से जनप्रतिनिधियों द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिले के जनपद पंचायत व नगर पंचायत से 204 यात्री रवाना किए गए हैं। इनमें जशपुर और मनोरा से रामलला दर्शन अयोध्या हेतु नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री सिंह, सीईओ जनपद पंचायत जशपुर व समस्त जनपद स्टाफ के उपस्थिति में बस रवाना किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव से रवाना किया गया।




# जिले के 46 परीक्षा केन्द्रों पर 26 अप्रैल को होगी मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

**जगदलपुर, 23 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मण्डी बोर्ड उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल 2026 रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक बस्तर जिले के 46 परीक्षा केन्द्रों में की जाएगी, जिसमें कुल 12 हजार 136 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नं0 02 जगदलपुर में 360, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, धरमपुरा नं0 03 जगदलपुर में 360, शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, शांति नगर जगदलपुर में 360, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क0-1 जगदलपुर में 360, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में 360, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्र0-2, राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर में 360, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स केम्पस धरमपुरा जगदलपुर 360, स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक संजय मार्केट रोड जगदलपुर में 360, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कालोनी जगदलपुर में 300, धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा-2 जगदलपुर में 240, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह सिविल लाईन पथरागुड़ा लालबाग के पास जगदलपुर में 300, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड जगदलपुर में 360, निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल लालबाग जगदलपुर में 360, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली सरस्वती शिशु मंदिर परिसर कंगोली जगदलपुर में 300, विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल दन्तेश्वरी वार्ड गीदम रोड जगदलपुर में 360, दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल अघनपुर, धरमपुरा जगदलपुर में 360, शहीद गुण्डाधूर कॉलेज कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड जगदलपुर में 360, एमजीएम स्कूल धरमपुरा-2 जगदलपुर में 120, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना तहसील जगदलपुर में 300, क्राईस्ट कॉलेज जगदलपुर राजेन्द्र नगर गीदम रोड में 360, श्री विद्यापती एकेडमी बहादुरगुड़ा जगदलपुर में 300, सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल दीनदयाल उपाध्याय वार्ड 19 जगदलपुर मे 300, डीपीएस हायर सेकण्डरी स्कूल कालीपुर तहसील जगदलपुर मे 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बिलोरी तहसील जगदलपुर में 240, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल जिला बस्तर में 300, शासकीय हाईस्कूल केवरामुण्डा जगदलपुर में 120, सेंट जेवियर हाईस्कूल चांदनी चैक जगदलपुर में 300, सूर्या कॉलेज गीदम रोड परपा जगदलपुर में 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल तितिरगांव तहसील जगदलपुर में 180, शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल बस्तर नगर पंचायत बस्तर में 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आड़ावाल, तहसील जगदलपुर में 240, शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बस्तर नगर पंचायत बस्तर में 180, कालीबाड़ी हाईस्कूल जगदलपुर में 120, बचपन अकादमी हाईट्स पब्लिक स्कूल धरमपुरा-1 जगदलपुर में 60, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय धरमपुरा-2 जगदलपुर में 240, श्री गुरूनानक पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में 180, शासकीय आईटीआई आड़ावाल जगदलपुर में 120, आदेश्वर अकादमी हल्बा कचोरा आड़ावाल जगदलपुर में 240, शासकीय हायर सकेण्डरी स्कूल पोटानार, तहसील तोकापाल में 300, स्वामी आत्मानंद शासकीय एक्सीलेंट स्कूल करंजी तहसील तोकापाल में 300, अंजुमन उर्दू-हिन्दी हायर सेकण्डरी जगदलपुर में 120, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छिन्दावाड़ा वर्तमान पता धरमपुरा-2 जगदलपुर में 120, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बस्तर रोड घाटलोहंगा में 180, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बोरपदर रायपुर रोड तहसील बकावण्ड में 180, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पण्डरीपानी तहसील जगदलपुर में 180 तथा माउंट लिटेरा जी स्कूल जगदलपुर आड़ावाल बायपास रोड पोड़ागुड़ा में 136 परीक्षार्थी शामिल होंगें।

# जिला प्रशासन ने मुस्तैदी से बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित की



**बालोद, 23 अप्रैल।** जिला प्रशासन की मुस्तैदी से बालोद जिले में आज स्कूल के दाखिल-खारिज पंजी के आधार पर 21 वर्ष पूर्ण होने में 02 माह शेष होने वाले जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भर्रीटोला निवासी योगेन्द्र धनकर का विवाह संपन्न होने के पूर्व इसकी रोकथाम सुनिश्चित की गई। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले के द्वारा सूचना मिलने के बाद तत्काल ग्राम भर्रीटोला 43 में पहुँचकर वर, वधु एवं उनके परिजनों को समझाईश देकर युवक के 21 वर्ष की आयु पूर्ण नही होने तक विवाह नही करने के लिए राजी भी किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पाण्डेय द्वारा कन्या के गृह जिला राजनांदगांव के जिला कार्यक्रम अधिकारी को ग्राम साल्हेटोला जिला राजनांदगांव में 21 अप्रैल को संपन्न विवाह को तत्काल शून्य घोषित करने हेतु पत्र भी प्रेषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम भर्रीटोला 43 विकासखण्ड डौण्डी निवासी योगेन्द्र पिता हेमलाल धनकर का विवाह ग्राम साल्हेटोला जिला राजनांदगांव निवासी आशा के साथ उनके गृह ग्राम साल्हेटोला में 21 अप्रैल को संपन्न हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पाण्डेय ने बताया कि चुंकि विवाह राजनांदगांव जिले में संपन्न हुआ है। इसके आधार पर विवाह का पंजीयन भी राजनांदगांव जिले में होगा। अतः जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव को इस विवाह को शून्य घोषित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि वर, वधु एवं उनके परिजनों को समझाईश देकर वधु आशा को महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त टीम एवं उनके परिजनों के साथ ससम्मान उनके गृह ग्राम साल्हेटोला जिला राजनांदगांव पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार इस मामले की सूचना मिलने के तत्काल बाद राजस्व, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभाग के संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भर्रीटोला 43 में वर योगेन्द्र धनकर के निवास में पहुँचकर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित की गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पाण्डेय ने वर, वधु एवं उनके परिजनों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव एवं इसकी रोकथाम हेतु कानूनी प्रावधानों के संबंध में भी जानकारी दी। इस मौके पर अधिकारियों ने वर योगेन्द्र के कुछ माह बाद 21 वर्ष की आयु पूरा होने के पश्चात दोनों परिवारों की सहमति से विवाह संपन्न करने की समझाईश भी दी गई। उल्लेखनीय है कि आधार कार्ड के आधार पर वर योगेन्द्र की आयु 23 वर्ष 10 माह 09 दिन पूरा हो गया है। लेकिन स्कूल के दाखिल-खाजिर पंजी के अनुसार योगेन्द्र की आयु 20 वर्ष 10 माह 09 दिन हुआ है तथा वधु आशा वर्तमान में पूरी तरह बालिग है। इस दौरान तहसीलदार श्री देवेन्द्र नेताम तथा पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में वर योगेन्द्र के पिता श्री हेमलाल धनकर को अपने पुत्र का बाल विवाह नही करने के संबंध में घोषणा पत्र भी भरवा कर इसका पंचनामा भी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### तहसील साहू संघ ने दानवीर भामाशाह की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 23 अप्रैल।** तहसील मुख्यालय सिंगारपुर में तहसील साहू संघ भाटापारा के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह जी की जयंती समस्त सामाजिक बंधुओं एवं भगिनियों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने भामाशाह जी के त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं दानवीरता के प्रसंगों पर प्रकाश डाला और युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।इस अवसर पर तहसील साहू संघ द्वारा विभिन्न सामाजिक प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओबीसी मोर्चा चन्द्र प्रकाश साहू, तहसील अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, सहादेव साहू जी, वीरेंद्र साहू , गोरे साहू , रामसागर साहू , सती साहू , लोकनाथ साहू, नारायण साहू, लाला साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु-भगिनी उपस्थित रहे।सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने सामाजिक एकता, शिक्षा और स्वावलंबन पर चर्चा करते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया ।

### जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए 24 अप्रैल को बैठक

**बालोद, 23 अप्रैल ।** बालोद जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु 24 अप्रैल 2026 को बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह अप्रैल-मई 2026 में जिला मुख्यालय बालोद में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु 24 अप्रैल 2026 को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपर कलेक्टर के कक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से इच्छुक खिलाड़ी खेल विधाओं की जानकारियों से अवगत होंगे, जो उनके खेल कौशल में सहायक होगी।

# महापौर ने पेश किया नगर के सर्वांगीण विकास का बजट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 23 अप्रैल।** नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के द्वितीय बजट सत्र में नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के इस सभा में सभापति, नेता प्रतिपक्ष, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। हम नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा (94) से धारा (100) के अंतर्गत नगर पालिक निगम, राजनांदगांव का वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक आय-व्यय की स्वीकृति हेतु सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारे कार्यकाल के इस द्वितीय बजट में हमारा यह प्रयास होगा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शहर का सर्वांगीण विकास कर सकें एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

बजट प्रावधान में विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है, जो कि अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन योजनाओं के रूप में अलग अलग विभाग से क्रियान्वित होगी। मैं अब तक के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने शहर विकास को गति प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण जवाबदारी का निर्वहन किया साथ ही मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी का जिन्होंने देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास की अनके योजनाएं लागू की।

हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णु देव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष व हमारे विधायक आदरणीय डॉ. रमन सिंह ने शहर को विकसित करने गत वर्ष के बजट में विभिन्न सौगात दिये थे, जो प्रक्रियाधीन है और इसी प्रकार इस बजट में भी शहर के लिए विभिन्न विभागों में विकास कार्यों के लिये बजट प्रावधान किया है जिसमें हमें पूरा समर्थन व सहयोग मिल रहा है। हमारे उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री आदरणीय अरूण साव तथा हमारे प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव एवं हमारे सांसद संतोष पाण्डे, मैं इन सभी का भी शहर विकास में सहयोग करने आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं इस सदन के माध्यम से शहर के समस्त नागरिकों से उम्मीद करता हूं कि गत वर्ष की तरह शहर विकास में उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन व सहयोग मिलेगा साथ ही लोकतंत्र के चौंथे स्तम्भ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से शहर विकास में मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता हूं। जनता से जुड़ी हुई समस्याओं एवं योजनाओं का गुणवत्तापूर्वक, समय सीमा व ईमानदारी के साथ क्रियान्वयन में सभी अधिकारी-कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा, मैं यही अपेक्षा करता हूँ।

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय-व्यय अनुमान पत्रक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधानों के विरूद्ध पुनरीक्षित आय 474 करोड़ 20 लाख 50 हजार रूपये तथा पुनरीक्षित व्यय 478 करोड़ 26 लाख रूपये है। बजट अनुमान अन्तर्गत कुल अनुमानित आय 646 करोड़ 23 लाख रूपये तथा व्यय 696 करोड़ 70 लाख 50 हजार रूपये था, जबकि वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक अवशेष राशि 50 करोड़ 24 लाख 55 हजार रूपये था। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधान में प्रस्तावित आय 579 करोड़ 83 लाख 18 हजार रूपये तथा व्यय 643 करोड़ 49 लाख 71 हजार रूपये है। वर्ष 2026-27 का अनुमानित प्रारंभिक अवशेष राशि 63 करोड़ 81 लाख 53 हजार की संभावना है इसे मिलाकर कुल आय 643 करोड़ 64 लाख 71हजार होता है। इस प्रकार लाभ का बजट 15 लाख रूपये प्रस्तावित है।

हमने इस बजट में विकसित राजनांदगांव शहर के निर्माण की आधारशिला को आगे बढ़ाने हेतु सतत् विकास की प्रक्रिया के लिए मूलभूत ढांचा तैयार किया है। इस बजट में हमारा प्रयास होगा कि हम आम आदमी में विकास के प्रति विश्वास का भाव जागृत कर सकें तथा पिछड़े और कमजोर आय वर्ग के लोगों को आर्थिक सम्पन्नता के दायरे में ला सकें।

उपरोक्त प्रावधानों के अलावा पूर्व के बजट के दीर्घकालीन योजनाए जैसेः- पुत्रीशाला, गुडाखु लाईन औषधालय व पुराना बस स्टैण्ड में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण, आडिटोरिंयम निर्माण, चिखली ओव्हर ब्रिज से चिखली रोड चौडीकरण, रॉ वाटर के मोंगरा बैराज से पाईप लाईन विस्तार, शिवनाथ नदी उन्नयन, मोहरा शिवनाथ नदी के एनीकट की उचाई बढ़ाने आदि प्रावधान जो शासन एवं विभिन्न स्तर में प्रक्रियाधीन है के अलावा राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान के सभी कार्य को भी इस बजट में समाहित किया गया है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जनहित में दलगत राजनीति से उपर उठकर आप सभी के सहयोग से शहर विकास की मंशा को लेकर सभी वार्डो में आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे साथ ही कुछ नये प्रस्ताव के साथ पुराने प्रस्ताव को पूर्ण करने कार्ययोजना में शामिल किया गया है। अंत में मैं राजनांदगांव नगर की विकास योजनाओं को पूर्ण करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव, राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डे सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, एवं पार्षदो से पूर्व की भांति सहयोग प्रदान करने की आशा करता हूं। साथ ही संस्कारधानी के सर्वांगीण विकास के लिये एकजुट होकर समर्पित भाव से कार्य करने बजट को अंगीकार किये जाने के आग्रह के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं।

## प्रस्तुत बजट की प्रमुख विशेषताएं

(1) **पेयजल व्यवस्था:-** शहर के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत को देखते हुए 03 उच्च स्तरीय जलागार टंकी निर्माण (गोकुल नगर क्षेत्र, नया ढाबा, चिखली से गौरी नगर के बीच) तथा पाईप पाईन का विस्तार एवं 10 एम.एल.डी. का फिल्टर प्लांट निर्माण हेतु 15 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(2) **जल संयंत्र गृह मरम्मत:-** नगर वासियो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने मोहारा स्थित जल संयंत्र गृह के 03 जल शोधन प्लांट मरम्मत हेतु 4 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(3) **शुद्ध पेयजल (मिनरल वॉटर) का बाटलिंग प्लांट स्थापना:-** नगर निगम द्वारा शुद्ध पेयजल (मिनरल वॉटर) का बाटलिंग प्लांट पी.पी.पी. मॉडल से स्थापित करने हेतु 50 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(4) **पाईप लाईन विस्तार:-** शहर में पेयजल व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु नवीन क्षेत्रों में पाईप लाईन विस्तार, इंटर कनेक्शन, सिन्टैक्स टैंक की स्थापना तथा गंज चौक से कंचनबाग टंकी तक राईजिंग मेन पाईप लाईन 300 एमएम डाया पाईप लाईन विस्तार करने हेतु 6 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(5) **कुंओं का संरक्षण:-** शहर के पुराने कुंओं के संरक्षण हेतु 20 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(6) **वॉटर हारवेस्टिंग:-** भूजल स्तर को ऊंचा करने शहर में आवश्यकता अनुसार वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(7) **तालाब संरक्षण:-** शहर के प्रमुख तालाबों के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 1.50 करोड रू. का प्रावधान रखा गया है।

(8) **रानीसागर, बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण एवं पुर्नविकास कार्य:-** नगरोत्थान योजनांतर्गत शहर के रानीसागर एवं बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण हेतु 14 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(9) **वृक्षारोपण:-** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली की दृष्टिकोण से वार्डो में आवश्यकता अनुसार वृक्षारोपण हेतु 50 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(10) **उद्यान संरक्षण:-** शहर के विभिन्न वार्डो में स्थित उद्यानों के संरक्षण, सौन्दर्यीकरण, ओपन जीम, खेलकूद उपक्रम की स्थापना हेतु 3 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(11) **शिक्षा:-** ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में हाईटेक प्रयोगशाला की स्थापना, वार्ड नं. 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम स्कूल तथा स्टेट हाईस्कूल स्थित पूर्व माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं ई-लाइब्रेरी में सुविधा विस्तार हेतु 1 करोड रू. का प्रावधान रखा गया है।

(12) **निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था:-** शहर के 02 कन्या हाईस्कूल में 50-50 निर्धन छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था हेतु 5 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(13) **क्रिकेट टर्फ एवं खेलकूद आयोजन:-** शहर के क्रिकेट खिलाडियों के लिए बॉक्स-टर्फक्रिकेट तथा कैफे निर्माण हेतु 50 लाख रू. तथा खेलकूद आयोजन हेतु 10 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(14) **स्वीमिंग पुल जीर्णोद्धार तथा कैफे हाऊस निर्माण:-** निगम सीमाक्षेत्र के नागरिको को तैराकी सीखने नगर निगम द्वारा निर्मित स्वीमिंग पुल के जीर्णोद्धार तथा परिसर में कैफे हाऊस निर्माण हेतु 50 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(15) **व्यवसायिक परिसर निर्माण:-** नगर निगम के आय में वृद्धि करने स्टेशन रोड, दूरसंचार विभाग के पास एवं ट्रान्सपोर्ट नगर में व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु 5 करोड़ रू. (लोन एवं अनुदान) का प्रावधान रखा गया है।

(16) **नगर निगम स्वामित्व के दुकानों का पुनः निर्माण:-** नगर निगम कार्यालय स्थित निगम स्वामित्व के दुकानों का पुनः निर्माण तथा प्रथम तल निर्माण हेतु 10 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(17) **अधोसंरचना विकास कार्य:-** शहर के सभी 51 वार्डो में आवश्यकता अनुसार डामरीकृत सड़क, सीमेंट कांक्रीट रोड, नाली, नाला तथा पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु 50 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(18) **चौक चौराहों का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण:-** शहर के प्रमुख चौक जिसमें गांधी चौक, जयस्तंभ चौक, नंदई चौक, फ्रहद चौक, ट्रान्सपोर्ट नगर तिराहा तथा रामदरबार चौक के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु 3 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(19) **सड़क सौंदर्यीकरण:-** शहर के प्रमुख स्थल रेल्वे स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण हेतु 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(20) **कार्यक्रम आयोजन हेतु स्थल निर्माण:-** शहर मे मांगलिक, परिवारिक, सामाजिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने चिखली, ऑडिटोरियम के पीछे एवं पुष्पवाटिका के पीछे योगाहॉल, नीलगिरी पार्क में निर्मित भवन के व्यवस्थित निर्माण हेतु 2 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(21) **प्रतिमा स्थापना:-** शहर के प्रमुख स्थलो में महात्मा गांधी, बाबा साहेब आम्बेडकर, महंत राजा सर्वेश्वर दास, जिले के निर्माता पं. किशोरीलाल शुक्ल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कन्हैया लाल अग्रवाल, शहीद वीर नारायण सिंह, राजा रंजित सिंह तथा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा स्थापना हेतु 3 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(22) **शहर के प्रमुख मंदिरो का जीर्णोद्धार:-** नगर निगम सीमांतर्गत स्थित प्रमुख, सार्वजनिक एवं पुरातात्विक महत्व के ऐतिहासिक मंदिरो का जीर्णोद्धार करने 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(23) **पेट्रोल पंप तथा ए.टी.एम. स्थापना:-** नगर निगम की आय में वृद्धि करने ट्रान्सपोर्ट नगर स्थित भूखण्ड में पेट्रोल पंप तथा ए.टी.एम. स्थापना हेतु 2 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(24) **सड़क चौडीकरण:-** सुगम यातायात के लिए शासन द्वारा अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत बाईपास कन्हारपुरी से तिरंगा चौक सड़क चौडीकरण करने 6.50 करोड़ रू. तथा जी.ई.रोड से लखोली कबाडी दुकान तक सड़क चौडीकरण हेतु 14.50 करोड रू., इसी प्रकार आर.के.नगर चौक से डोंगरगांव रोड तक सड़क निर्माण करने 7 करोड रू. का प्रावधान रखा गया है।

(25) **मुक्तिधाम उन्नयन एवं इलेक्ट्रीक शवदाह की स्थापना:-** शहर के मोहारा, मोतीपुर तथा अन्य मुक्तिधामों के उन्नयन कार्य एवं मठपारा स्थित गौशाला पिंजरापोल मुक्तिधाम में इलेक्ट्रीक शवदाह गृह स्थापना, साथ ही पारसी एवं क्रिश्चियन कब्रिस्तान उन्नयन के अलावा 01 शव वाहन क्रय हेतु कुल 4 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(26) **हाईमास्क स्थापना:-** शहर के प्रमुख स्थानों जैसे हॉट बाजार, फ्रहद चौक, प्रेस क्लब कॉलोनी के साथ, लखोली, स्टेट हाईस्कूल, चिखली, मोतीपुर स्कूल मैदान तथा अन्य स्थानों में हाईमास्क की स्थापना हेतु 3 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(27) **शिवनाथ महोत्सव:-** शहर के सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए शिवनाथ महोत्सव हेतु छ.ग. शासन, संस्कृति विभाग तथा नगर निगम द्वारा आयोजन हेतु 50 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(28) **टाऊन हॉल शताब्दी वर्ष:-** बलराम दास टाऊन हॉल (पूर्व नगर पालिका मुख्य कार्यालय) स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजन हेतु 30 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(29) **इलेक्ट्रिक चार्जिंग सेंटर निर्माण:-** शहर के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग सेंटर निर्माण हेतु 10 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(30) **महिला प्रसाधन:-** शहर के प्रमुख 05 स्थानों में महिला प्रसाधन निर्माण हेतु 50 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(31) **महिला हाट बाजार:-** शहर की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने महिला हाट बाजार निर्माण हेतु 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(32) **हास्टल निर्माण:-** निगम सीमाक्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओ (वर्किंग वूमेन) के लिए हॉस्टल निर्माण हेतु 2 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(33) **स्ट्रीट वेंडर हब:-** शहर के छोटे व्यवसायी (स्ट्रीट वेंडर) के व्यवस्थित संचालन करने स्ट्रीट वेंडर की स्थापना हेत 3 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(34) **आवारा कुत्तों हेतु डॉग शेल्टर एवं फीडिंग पाईट निर्माण:-** शहर के आवारा एवं पालतु कुत्तों का बधियाकरण डीवर्मीकल तथा वेक्सीनेशन के लिए 100 कुत्ते रखने डॉग शेल्टर की स्थापना एवं वार्ड मे कम से कम एक फीडिंग पाईट का निर्माण किये जाने हेतु 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(35) **पोषण आहार:-** शहर के चिन्हांकित टी.बी. मरीजों के पोषण आहार हेतु 5 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(36) **डस्टबिन वितरण:-** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर में ही कचरा पृथक करने नगर निगम क्षेत्र के घर-घर में डस्टबिन वितरण हेतु 1 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

(37) **शहर की स्वच्छता:-** शहर के प्रमुख सड़को की सुंदरता एवं सौंदर्यीकरण तथा कचरा संग्रहण हेतु मुक्कड़ को समाप्त कर टेंचिग ग्राउण्ड में रखने 25 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(38) **गौ चारा के लिए ट्राली संचालन:-** शहर में गौ-वंश को जगह जगह हरा चारा खिलाने गौ सेवको के लिए शहर में ट्राली संचालन किए जाने 10 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(39) **मस्ती की पाठशाला** - ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चो के मनोरंजन के लिए रविवार को सुबह मस्ती की पाठशाला लगाने 10 लाख रू. का प्रावधान रखा गया है।

(40) **वाहन खरीदी** - नगर निगम के विभिन्न कार्यो के संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार वाहन खरीदी करने 5 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है।

## एक नजर

### प्रशांत बने स्टेट बार काउंसिल में अनुशासन व नियम निर्माण समिति के चेयरमैन

**राजनांदगांव, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल सदस्यों के निर्वाचन



संपन्न होने के पश्चात स्टेट बार काउंसिल के विभिन्न समितियों का गठन विगत दिनों उच्च न्यायालय बिलासपुर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें राजनांदगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद में लगातार निर्वाचित होने वाले अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी राज्य अधिवक्ता परिषद के अनुशासन समिति एवं नियम निर्माण समिति के चेयरमैन के रूप में चुने गए हैं। न्याय मार्ग में अनुशासन एवं नियम का बहुत अधिक महत्व होता है और इन दोनों महत्वपूर्ण समितियों में तिवारी की चेयरमैन के रूप में नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है उच्च न्यायालय बिलासपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में ख्याति प्राप्त अधिवक्ता स्वर्गीय प्रभात तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र प्रशांत तिवारी अपने सिद्धांतों और स्पष्टवादीता के लिए खासे चर्चित हैं। हाल में संपन्न चुनाव में वे स्पष्ट बहुमत के साथ निर्वाचित होकर अनुशासन एवं नियम निर्माण समिति के चेयरमैन नियुक्त होने के साथ-साथ छ ग राज्य अधिवक्ता परिषद में भवन निर्माण समिति एवं अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए गठित अधिवक्ता कल्याण समिति के भी सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### आकाश साहू को तीन माह के लिए किया गया जिलाबदर

**राजनांदगांव, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस विभाग राजनांदगांव से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर बख्तावर चाल तुलसीपुर गली नंबर 1 वार्ड नंबर 17 थाना कोतवाली राजनांदगांव निवासी आकाश साहू के आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत आगामी 3 माह के लिए राजनांदगांव जिले के चारों दिशाओं की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। आकाश साहू को आदेश जारी होने के एक सप्ताह के भीतर राजनांदगांव जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 3 माह की कालावधि अर्थात 23 जुलाई 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने के आदेश दिए गए है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक राजनांदगांव जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा।

### आधार ऑपरेटर के लिए आवेदन 4 मई तक

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आधार पंजीयन का कार्य इन हाउस मॉडल अंतर्गत शासकीय भवनों में संचालन किये जाने हेतु इच्छुक आधार ऑपरेटर 4 मई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आधार ऑपरेटर निर्धारित तिथि तक कक्ष क्र. 78, प्रथम तल संयुक्त जिला कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। आधार ऑपरेटर संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट बलौदाबाजार, जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (रा.) सिमगा, तहसील कार्यालय सोनाखान, तहसील कार्यालय कसडोल एवं नगर पंचायत टुण्डरा में संचालित किये जाएंगे।ऑपरेटर का कोई भी पेनाल्टी राशि भुगतान हेतु लंबित ना हो। यदि पेनाल्टी है तो उस राशि का संलग्न बैंक खाता में भुगतान कर रसीद आवेदन के साथ जमा करेंगे।ऑपरेटर 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। ऑपरेटर 12 वी. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है या 2 वर्ष आई.टी.आई. या 3 वर्ष डिप्लोमा का प्रमाण पत्र जमा करना होगा एवं कम्प्यूटर में जानकारी होना चाहिए। चयनित आधार ऑपरेटरो को संबधित शासकीय कार्यालय में कार्यालयीन समय/दिन में आधार पंजीयन की सेवा नियमित प्रदान करनी होगी।

# संपत्ति कर वृद्धि पर जनता के दबाव के आगे झुका सत्ता पक्ष : संतोष पिल्ले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 23 अप्रैल।** नगर निगम में संपत्ति कर वृद्धि को लेकर जारी विवाद के बीच नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने सत्ता पक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता के भारी विरोध, कांग्रेस के संघर्ष और व्यापारी वर्ग समेत सभी समाजों के दबाव के चलते महापौर को अपनी गलती सुधारनी पड़ी। उन्होंने संपत्ति कर में अधिक वृद्धि को जनविरोधी निर्णय बताते हुए कहा कि अब इसे घटाकर 10 से 20 प्रतिशत तक सीमित करना जनता की बड़ी जीत है।

पिल्ले ने संपत्ति कर मामले में एक बार फिर बड़ा बयान देते हुए कहा कि सत्ता पक्ष को आखिरकार जनता की ताकत के सामने झुकना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में अधिक वृद्धि किए जाने से आम जनता, व्यापारी वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर जनता के साथ खड़े होकर लगातार विरोध दर्ज कराया और लगभग सभी वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसके बाद महापौर को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्हें फैसला बदलने पर मजबूर होना पड़ा। पिल्ले ने कहा कि अब संपत्ति कर वृद्धि को 10 से 20 प्रतिशत तक सीमित करना जनता की एकजुटता और संघर्ष की जीत है। पिल्ले ने कहा कि



**कांग्रेस के समर्थन और जनआक्रोश के बाद महापौर ने लिया फैसला वापस, 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि को बताया जनता की जीत**

कांग्रेस आने वाले दिनों में भी जनता की मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे पर सत्ता पक्ष पर जोरदार दबाव बनाए रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक सत्ता पक्ष शहरवासियों को सड़क, पानी, सफाई, रोशनी और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोताही बरत रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को जनता पर अतिरिक्त कर का बोझ डालने के बजाय शहर के विकास और सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस जनहित के हर मुद्दे पर संघर्ष करती रहेगी और जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी। अंत में संतोष पिल्ले ने महापौर, चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारी प्रकोष्ठ, सराफा व्यापारी संघ, पार्षद दल, पूर्व पार्षद दल, संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा सभी समाज के महिला-पुरुषों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता की एकता ने यह साबित कर दिया है कि जनविरोधी फैसलों को वापस लेने पर मजबूर होना पड़ता है।

# महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल परिसर हुआ अतिक्रमण मुक्त

- **अवैध कब्जों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**
- **नवीन भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त, आगामी सत्र में विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**
- **कलेक्टर ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 23 अप्रैल।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा शहर स्थित महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए परिसर को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने आज महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक आदर्श कन्या शाला के नवीन भवन निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस भवन के निर्माण हेतु 121.16 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परिसर अतिक्रमण मुक्त होने के बाद अब निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि स्कूल परिसर में स्थित अत्यंत पुराने एवं जर्जर शासकीय आवासों पर कुछ शासकीय कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से अवैध रूप से काबिज थे। प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कब्जाधारियों द्वारा आवास खाली नहीं किया गया। इसके पश्चात अंतिम 10 दिवस का नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि संबंधित भवन अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित स्थिति में थे, जिन्हें लोक निर्माण विभाग की सहायता से ध्वस्त किया गया। महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक आदर्श कन्या शाला जिले का एक पुराना एवं महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। नवीन स्कूल भवन के निर्माण से आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि एवं संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मोदी सरकार पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए अभियान चला रही

## जिले में पांडुलिपियों की सूची बनाने सर्वे किया जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञानभारतम मिशन अंतर्गत पाण्डुलिपियों को संरक्षित व सहेजने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की सूची तैयार करने के लिये प्रगणको द्वारा सर्वे किया जाएगा। मुख्य सचिव विकास शील ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के



माध्यम से कलेक्टर एवं जिला समिति की सदस्यों की बैठक लेकर सर्वे पाण्डुलिपि सर्वे में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि ज्ञानभारतम मिशन का उद्देश्य हमारी संस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है। इसमें कम से कम 75 वर्ष पुराने पाण्डुलिपि, ताम्रपत्र, ताड़पत्र को शामिल किया गया है। पाण्डुलिपि से सम्बन्धित जानकारी ज्ञानभारतम एप्प में अपलोड किया जाएगा। पाण्डुलिपियों को बड़ी सावधानी से स्कैनिंग कर डिजिटलीकरण किया जाएगा। पाण्डुलिपि के समबंध में जानकारी कोई भी डे सकता है। किसीबके पास ग्रन्थ या पत्र के रूप में पाण्डुलिपि होने पर प्रशासन केवल उसको संरक्षित करते हुए स्कैनिंग करेगा, मूल पाण्डुलिपि केवल व्यक्ति की इच्छा पर ही प्रशासन अपने पास रखेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिले सर्वे का कार्य 31 मई तक पूरा करें।

# देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 72 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त बलौदाबाजार में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी तुकेश्वर चंद्राकर पिता दाउलाल चंद्राकर साकिन वटगन थाना पलारी के कब्जे से 40 पाव 72 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 4, 000 रुपए होना पाया गया।आरोपी तुकेश्वर चंद्राकर पिता दाउलाल चंद्राकर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रभारी अधिकारी वृत्त पलारी द्वारा देशी कम्पोजिट मदिरा



दुकान मुड़पार सण्डी का आकस्मिक निरीक्षण किये जाने पर मदिरा दुकान में कार्यरत कर्मचारी सुरजराज द्वारा शासन निर्धारित विक्रय दर से अधिक दर विक्रय करना पाया गया। उक्त कर्मचारी को सेवा से पृथक किया जाकर काली सूची में शामिल किया गया।

**सुपरवाइजरों की बैठक में सीएमएचओ ने दिए**

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रगति के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी तथा आम जनता को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के सम्बन्ध में बुधवार को सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी ने सेक्टर सुपरवाइजर की बैठक ली। स्थानीय सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक में पाँच विकासखंडों के सभी सेक्टरों की टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, उच्च जोखिम गर्भवती, आयुष्मान भारत, अटल मोनिटरिंग, यू विन पोर्टल जैसे जरूरी स्वास्थ्य संकेतकों की प्रगति की समीक्षा



की गई। सीएमएचओ ने टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय अभियान में आयोजित होने वाले आउटरीच शिविर के माइक्रोप्लान की तैयारी तथा उच्च जोखिम ग्रामों में एक्सरे करवाने को कहा। इसके साथ ही असामान्य एक्सरे वाले संदेहास्पदों को नाट जाँच के लिए बलगम जाँच के लिए रेफर करने को भी कहा। मातृ मृत्यु दर को रोकने हेतु गर्भवती का अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए। एल एच वी को उच्च जोखिम गर्भवती की स्थिति में प्रति सप्ताह महिला के घर भ्रमण के निर्देश दिए गए। सुपरवाइजर सतत रूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे तथा अपनी रिपोर्ट प्रति सप्ताह बी एम ओ के साथ होने वाली बैठक में बताएंगे। सभी शासन द्वारा शुरु किये जा रहे सुशासन तिहार की तैयारी पूर्ण रखेंगे। इसमें ओआरएस घोल, सहित जरूरी दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिविर में एनसीडी जांच भी की जाए और उसकी एंट्री भी करें साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाएं जाएं। एलएचवी की समीक्षा मातृत्व स्वास्थ्य में किये जा रहे कार्य से ही की जाएगी। सीएमएचओ ने कम प्रगति वाले सेक्टरों पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें इसे ठीक करने की हिदायत दी।


**कार्यालय, नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone & Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/1587/न.पं./निविदा/लोनिवि/2025-26 भखारा, दिनांक 21/04/2026

**तृतीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र 'A' में प्रतिशत दर में बंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र-हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय :- 28/04/2026 शाम 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :- 30/04/2026 शाम 5:00 बजे तक
3. नगर पंचायत में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि/समय :- 05/05/2026 शाम 5:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि/समय :- 06/05/2026 दोप. 12:00 बजे से

| स. क्र. | कार्य का नाम | एसओआर | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 में अर्जुन होटल से शंकर साहू घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य | PWD Road SOR 01.01.2025 | 7.62 | 5750/- | 750/- | 03 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 10 में कमल किराना से युवराज निषाद घर तक सी.सी. टॉप रोड निर्माण कार्य | PWD Road SOR 01.01.2025 | 1.49 | 2000/- | 300/- | 03 माह |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। अथवा कार्यालय नगर पंचायत भखारा से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत-भखारा**

## एक नजर

### पाटन की निकिता को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**रायपुर, 23 अप्रैल।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 निवासी निकिता मिश्रा ने हेमचंद विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने ÷इन विट्रो कंजर्वेशन ऑफ डिप्लोसाइक्लोज पालमेट्स (एल.) सी. जेफ्रे थ्रू वेरियस मेथड÷ विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया। निकिता ने यह शोधकार्य रुवांबांधा स्थित सेंट थॉमस कॉलेज में सुपरवाइजर (गाइड) डॉ. उज्ज्वला सूपे के मार्गदर्शन में संपन्न किया, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. वी. शांति एवं कालेज की प्राचार्य डॉ. शाइनी मेंडोंस का विशेष सहयोग रहा। निकिता मिश्रा नगर के वरिष्ठ पत्रकार संदीप मिश्रा एवं मंजू मिश्रा की सुपुत्री हैं। साथ ही वे पाटन निवासी अधिवक्ता शुभम ठाकुर की पत्नी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश ठाकुर की पुत्रवधू हैं। वे अंकिता ठाकुर की छोटी बहन तथा परिणीता मिश्रा की बड़ी बहन है।

### एआई-पावर्ड डिवाइसेज़ की खोज में साल-दर-साल 60% की बढ़ोतरी

**रायपुर 23 अप्रैल।** अमेजन इन ने एआई स्टोर लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को एआई-पावर्डकंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स आसानी से खोजने और खरीदने के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।यह एआई स्टोर कई प्रोडक्ट कैटेगरी को कवर करता है, जिनमें लैपटॉप, स्मार्टफोन, टेलीविजन, एयरकंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टैबलेट, स्मार्टवॉच और स्मार्ट ग्लासेस शामिल हैं। इसमें शीर्षवैश्विक और भारतीय ब्रांड्स के कई विकल्प उपलब्ध हैं। अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर (कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स) ज़ेबा खान ने कहा, अमेजन इन पर हमारीभूमिका सिर्फ सबसे बड़ा चयन देने तक सीमित नहीं है। हम ग्राहकों को तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी कोसमझने में स्पष्टता देना चाहते हैं, ताकि वे बिना जटिल तकनीकी जानकारी समझे आत्मविश्वास केसाथ सही निर्णय ले सकें।

### फीस रीवीजन का इंडिया एसएमई फोरम ने स्वागत किया

**रायपुर 23 अप्रैल।** इंडस्ट्री बॉडी इंडिया एस.एम.ई फोरम (आई.एस.एफ) ने हाल ही में एमेज़ॉन द्वारा किए गए फीस रिवीज़न का स्वागत किया है। फोरम ने कहा कि एमेज़ॉन के इस कदम से माईक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यमों (एम.एस.एम.ई) के लिए ऑनलाईन सैलिंग करना आसान हो जाएगा। इंडिया एस.एम.ई फोरम (आई.एस.एफ) ने हाल ही में एमेज़ॉन इंडिया के डायरेक्टर ऑफसेल्स, गौरव भटनागर को अपने सदस्यों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। गौरव भटनागर ने एमेज़ॉन द्वारा सैलर फीस रिवीज़न का कारण और ऑनलाईन सैलिंग करने वाले एम.एस.एम.ई को इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। जीरो रेफरल फीस पॉलिसी को 1000 रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स (जो पहले 300 रुपये तक थी) तक बढ़ाने से इसका कवरेज दस गुना से अधिक बढ़ गया है और इसके अंतर्गत आने वाले प्रोडक्ट 1800 से अधिक श्रेणियों में लगभग 1.2 करोड़ से बढ़कर 12.5 करोड़ प्रोडक्ट्स तक पहुँच गए हैं।

## निधन

### दिलीप तिवारी



**रायपुर 23 अप्रैल।** रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी के पिता दिलीप तिवारी का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे मोहन तिवारी, मुकेश तिवारी, रितेश तिवारी के पिता थे।

### ठाकुर मनहरण सिंह



**रायपुर, 23 अप्रैल।** देवेन्द्र नगर निवासी ठाकुर मनहरण सिंह बाबूलाल का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवराज सिंह ठाकुर जग्गू सिंह ठाकुर, राजू सिंह ठाकुर के बड़े भाई और अभय सिंह जैकी सिंह के पिता थे।

# अगले 24 घंटे में और बढ़ेगा पारा, 26 तक लू के आसार



**रायपुर, 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मध्य इलाके के लोगों को गर्मी से राहत की संभावना नहीं है. अगले 24 घंटों के बाद अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 26 अप्रैल तक मध्य क्षेत्र में लू जैसी स्थिति बने रहेगी. बुधवार को प्रदेश में सबसे गर्मी दुर्ग में पड़ी.

मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नानगुर समेत कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई. सबसे अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में, जबकि अंबिकापुर में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है.

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. एक प्रति चक्रवात अंदरुनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 कम ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में 23 अप्रैल को मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रह सकता है. इस दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की आशंका है.

24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है.

### रायपुर में तापमान 43 डिग्री दर्ज




राजधानी रायपुर में आज मौसम विभाग ने आकाश मुख्यतः साफरहने की संभावना जताई है. अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है.

# प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए भाजपा पदाधिकारी



**रायपुर, 23 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत आज इन्दौर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने अपने प्रबोधन में भाजपा की रीति-नीत, वैचारिक अधिष्ठान व राजनीतिक यात्रा पर मार्गदर्शन किया।

इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रय यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद द्वय रूपकुमारी चौधरी व लक्ष्मी वर्मा, रामजी भारती, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, रंजना साहू, जी. वेंकटेश्वर, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन अनुराग सिंहदेव, प्रशिक्षण महाभियान के प्रदेश संयोजक अवधेश जैन, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, शताब्दी पांडेय, टेकेश्वर जैन, डॉ किरण बघेल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी ने भाग लिया।

# अंबुजा सिटी सेंटर मॉल में पार्किंग शुल्क वसूली अवैध

## जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया बड़ा आदेश



**रायपुर, 23 अप्रैल।** जिला उपभोक्ता आयोग ने अंबुजा सिटी सेंटर मॉल को वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली को अवैध घोषित करते हुए निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है. आयोग के इस फैसले से पार्किंग शुल्क के नाम पर लोगों से की जा रही वसूली पर रोक लगने की उम्मीद है.



अंजिनेश अंजय शुक्ला ने आयोग के समक्ष दायर याचिका में बताया कि 15 जून 2025 को अपनी कार से अंबुजा मॉल गए थे, जहां उससे 30 रुपए पार्किंग शुल्क लिए गए. इसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल का उपयोग नहीं करना है, केवल अपनी माता को छोड़ कर निकल जाना है.

परन्तु मॉल प्रबंधन ने जानकारी दी कि अंबुजा मॉल में फ्री पिक अप ड्राप जैसी कोई सुविधा नहीं है. इस कथन से आहत होकर अधिवक्ता शुक्ला ने आयोग में अंबुजा मॉल के विरुद्ध पार्किंग शुल्क वसूली को अवैध घोषित करने की मांग करते हुए एक परिवाद प्रस्तुत किया था. प्रकरण की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शुक्ला ने गुजरात उच्च न्यायालय तथा विभिन्न उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के प्रासंगिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए न्यायालय के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि मॉल के द्वारा वसूली जा रही पार्किंग शुल्क राशि अवैध है, एवं मानसिक क्षति के रूप में 50, 000 रुपए की मांग भी की.

न्यायालय ने प्रस्तुत तर्कों और विधिक दृष्टांतों का संज्ञान लेते हुए उन्हें विधिसम्मत माना और मॉल को वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली को अवैध घोषित करते हुए निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया है.

# महतारी वंदन से 40% महिलाएं दूर : कांग्रेस



**रायपुर, 23 अप्रैल।** भाजपा पर नारी वंदन के नाम से घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नारी वंदन के नाम से सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रही है मोदी सरकार की महिला विरोधी कृत्यों पर पर्दा कर रही है। सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार में महिलाये वादाखिलाफी का शिकार हो गई है। महतारी वंदन योजना में सभी महिलाओं को एक हजार रुपया महीना देने का वादा था आज भी 40 प्रतिशत महिलाएं इस योजना से बाहर क्यों है? महिला स्व सहायता समूह को सरकार बनते ही रेडी टू ईट का काम देने का वादा था अब तक किसी को काम मिला क्यो नही है? 3 लाख स्व सहायता समूह की 60 लाख महिलाएं रेडी टू ईट काम मिलने का इंतजार कर रही है। 500 रु. में रसोई गैस सिलेंडर मिलना था 85 लाख परिवार की महिलाएं सस्ती सिलेंडर का इंतजार ढाई साल से कर रही है। स्थिति यह है सिलेंडर नही मिलने के चलते चूल्हा में खाना बना रही है, धुंआ से बीमार हो रही है। अनियमित कर्मचारी लाखो महिलाये नियमितीकरण का इंतजार कर रही है। महिला सुरक्षा का वादा था भाजपा सरकार में महिलाएं सबसे ज्यादा डरी हुई है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा की खराब व्यवस्था से महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। शराबबंदी के बजाये सेकड़ो नयी शराब दुकान खोल दी गई इसे घरेलू हिंसा महिला उत्पीड़न हो रहा है। महिलाये प्रभावित हो रही है। 1 लाख सरकार नौकरी और 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा था नोकरी में भर्ती नही होने से बेटियां प्रभावित हो रही है। रसोईया संघ जिसमें 90 प्रतिशत महिलाये है वेतन वृद्धि की मांग कर रही है। डीएड संघ 115 दिन से आंदोलन में है जिसमें 60 प्रतिशत महिलाये है सरकार इनकी सुन नही रही है। ऐसे ढेर सारे महिला विरोधी कृत्य भाजपा सरकार में हो रही है क्या यहीं नारी वंदन है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा भाजपा असल मे नारीयों को अधिकार देना नही चाहती है। बल्कि नारीयों के भावनाओ से खेलकर सिर्फ राजनीतिक रोटी सेंकना चाहती है। भाजपा को बताना चाहिये। जब नारी वंदन बिल 2023 में सदन में सर्वसम्मति से पारित हो गया फिर 2024 में लागू क्यो नही किया गया? असल मे भाजपा ने सविधान बदलने 400 पार का नारा दिया जो फैल हो गया उसके बाद अब इनको नारी वंदन की याद आयी यहां भी भाजपा सरकार की महिला विरोधी मनसूबे उजागर हो गई। भाजपा की नीयत साफ होती तो 543 सीट में महिला आरक्षण लागू होता और इनकी नियत में खोट है इसलिए परिसीमन की आड़ में महिलाओं का हक़ मारने की साजिश रचा गया जो बेनकाब हो गया। अब मोदी सरकार की किरकिरी से बचने विपक्ष पर आरोप मढ़ रहे है लेकिन महिलाये समझदार है वो इनके जुमला में अब फंसने वाली नही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि ढाई साल की भाजपा सरकार की कुनीतियों के चलते महिलाएं महंगी बिजली राशन की समस्या रोजगार की समस्या वादा खिलाफी से परेशान हूं और भाजपा का यही वास्तविक चरित्र भी है वादा करना और दगाबाजी करना महिलाएं अब भाजपा के जाल में नहीं फंसेगी बल्कि अपनी हक मांगने वह कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 23 अप्रैल।** राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक युवक पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हथियार सहित रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पटेल चौक स्थित झरना कलेक्शन के सामने प्रार्थी विवेक साहू अपने साथियों के साथ खड़ा था। इसी दौरान रामा साहू नामक युवक अचानक वहां पहुंचा और जेब से धारदार चाकू निकालकर जय श्रीराम बोलते हुए उस पर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को तत्काल अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही टिकरापारा पुलिस मौके पर पहुंची, साक्ष्य जुटाए और आरोपी की तलाश शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मुखबिरों की मदद से आरोपी को कुछ ही समय में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 341/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पेट्रोलिंग और संदिग्धों की जांच के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई में टिकरापारा थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

# गोदोहासन में सवा पांच लाख नवकार जाप



**रायपुर, 23 अप्रैल।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर स्वामी के कैवल्य कल्याण दिवस निमित्ते सवा पांच लाख नवकार जाप का अनुष्ठान रखा गया है। 26 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी का केवल ज्ञान प्राप्ति का दिन है। साढ़े बारह वर्ष की कठोर साधना के पश्चात गोदोहासन में काउसग्ग करते हुए महावीर स्वामी को शाल वृक्ष के नीचे ऋजुबालिका नदी के तट पर सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि कैवल्य कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में सकल जैन समाज विश्वशांति व भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के उदघोष व भाईचारे हेतु सवा पांच लाख नवकार महामन्त्र की आराधना करेगा। महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे बताया कि ज्ञान के प्रकाश प्रतिरूप शुद्ध घी के दीपक या चिराग प्रज्वलित कर जैन भाई बहनें घर पर 12 नवकार का जाप कर विश्व में शांति व सद्भाव हेतु प्रार्थना करेंगे। जाप प्रातः 6 से संध्या 5 बजे के मध्य किया जावेगा। महावीर कोचर ने कहा कि इस आयोजन की विशेषता है कि भगवान महावीर स्वामी को जिस गोदोहासन मुद्रा में केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी सकल जैन समाज उसी गोदोहासन मुद्रा में घर घर 12 नवकार महामन्त्र का जाप करेंगे गोदोहासन में जाप की फ़ोटो, वीडियो कार्यक्रम संयोजक महावीर कोचर 8889063888 व मंजू टाटिया 9827464648, मंजू कोठारी 94063 16281, मयूरी गोलछा 88178 10952 के मोबाईल नम्बर पर व्हाट्सएप करें। महेन्द्र कोचर ने बताया कि इसका प्रचार छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत के जैन समाज में किया जावेगा। ताकि विश्व में फैले युद्ध की भयावह परिस्थितियों में भी परमात्मा के सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में नवकार जाप से विश्व शांति व भाईचारा बनाए रखने की शक्ति जनमानस को प्राप्त हो।

# युवाओं और बच्चों के लिए राष्ट्रीय उद्यमिता ग्रीष्मकालीन शिविर



**रायपुर, 23 अप्रैल।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद, जो उद्यमिता विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, वर्ष 1992 से राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन कर रहा है। 12-16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा 16-22 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित ये विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर, उनमें प्रारंभिक स्तर पर ही उद्यमी सोच विकसित करने के साथ-साथ उन्हें सफल जीवन के लिए आवश्यक कौशल सिखाने का उद्देश्य रखते हैं।

इस वर्ष 'एंटरप्रेन्योरियल स्टिमुलेशन फॉर चिल्ड्रेन' के 46वें और 47वें संस्करण क्रमशः 3-8 मई और 24-29 मई को संस्थान के परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 'एंटरप्रेन्योरियल एडवेंचर्स फॉर यूथ' के 49वें और 50वें संस्करण क्रमशः 11-20 मई और 1-10 जून को आयोजित किए जाएंगे। पिछले तीन दशकों में 'एंटरप्रेन्योरियल स्टिमुलेशन फॉर चिल्ड्रेन' के राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों के माध्यम से, ईडीआईआई ने बच्चों को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने, सकारात्मक सोच विकसित करने और ऐसे कौशल सीखने का अवसर प्रदान किया है जो उन्हें जीवन में सफलता हासिल करने में मदद करते हैं।

**प्रवचन** — अविनाश केपिटल होम्स में तनावमुक्ति व शान्ति अनुभूति शिविर का आयोजन

# मनुष्य खुशी को बाहरी वस्तुओं में ढूंढ रहा है : अदिति दीदी



**रायपुर, 23 अप्रैल।** वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि मनुष्य खुशी को भौतिक पदार्थों में ढूँढ रहे हैं किन्तु भौतिक पदार्थों से स्थायी खुशी नही मिल सकती। राजयोग से ही जीवन में स्थायी खुशी प्राप्त की जा सकती है। राजयोग के लिए स्वयं की पहचान जरूरी है।

ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अविनाश केपीटल होम्स सड्डू रायपुर में आयोजित तनावमुक्ति एवं शान्ति अनुभूति शिविर के पहले दिन खुशी का आधार-आत्मानुभूति विषय पर अपने विचार रख रही थीं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन को चिन्ता रहित, सुख-शान्ति सम्पन्न बनाना चाहते हैं तो यह जानना निहायत जरूरी है कि मैं कौन हूँ?

उन्होंने बतलाया कि इस दुनिया में जितनी भी जड़ पदार्थ हैं, वह स्वयं अपने ही उपयोग के लिए नही बने हैं। सभी जड़ पदार्थों का उपभोग करने वाला उससे भिन्न कोई न कोई चैतन्य प्राणी होता है। हमारा यह शरीर भी जड़ पदार्थों से बना पांच तत्वों का पुतला है तो जरूर इसका उपयोग करने वाला इससे भिन्न कोई चैतन्य शक्ति होनी चाहिए।

ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि जब हम कहते हैं कि मुझे शान्ति चाहिए? तो यह कौन है जो कहता है कि मुझे शान्ति चाहिए? शरीर शान्ति नही चाहता। शरीर की शान्ति तो मृत्यु है। आत्मा कहती है कि मुझे शान्ति चाहिए। उन्होने बतलाया कि आत्मा एक चैतन्य शक्ति है। शक्ति को स्थूल नेत्रों से देखा नही जा सकता लेकिन मन और बुद्धि से उसका अनुभव किया जाता है। जैसे बिजली एक शक्ति है। वह दिखाई नही देती किन्तु बल्ब जल रहा है और पंखा चल रहा है तो हम कहेंगे किबिजली है।

उसी प्रकार आत्मा के गुणों का अनुभव करके उसकी उपस्थिति का अहसास होता है। आत्मा का स्वरूप अतिसूक्ष्म ज्योतिबिन्दु के समान है। उसे न तो नष्ट कर सकते हैं और न ही उत्पन्न कर सकते हैं। वह अविनाशी है। आत्मा के शरीर से निकल जाने पर न तो शरीर कोई इच्छा करता हैं और न ही किसी तरह का कोई प्रयास करता है। मृत शरीर के पास ऑख, मुख, नाक आदि सब कुछ होता है लेकिन वह न तो देख सकता है, न ही बोल अथवा सुन सकता है।

ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने आगे कहा कि आत्मा तीन शक्तियों के माध्यम से अपना कार्य करती है। वह किसी भी कार्य को करने से पहले मन के द्वारा विचार करती है फिर बुद्धि के द्वारा यह निर्णय करती है कि उसके लिए क्या उचित है और क्या अनुचित? तत्पश्चात किसी भी कार्य की बार-बार पुनरावृत्ति करने पर वह उस आत्मा का संस्कार बन जाता है।

उन्होंने बतलाया कि आत्मा की सात मूलभूत विशेषताएं होती हैं- ज्ञान, सुख, शान्ति, आनन्द,पवित्रता, प्रेम, और शक्ति। यह सभी आत्मा के मौलिक गुण हैं, जो कि शान्ति की अवस्था में हमें अनुभव होते हैं। उन्होने कहा कि हमारा मन किसी न किसी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ की स्मृति में भटकता रहता है। अब उसे इन सबसे निकालकर एक परमात्मा की याद में एकाग्र करना है। इसी से आत्मा में आत्मविश्वास

# प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी राशि होगी शीघ्र जारी



**रायपुर, 23 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले के नवगठित नगर पंचायत–भिंभोरी, कुसमी एवं दाढ़ी–के हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। नगर पंचायत घोषित होने के बाद इन क्षेत्रों में ग्रामीण आवास योजना के प्रकरण शहरी आवास मंत्रालय में स्थानांतरित हो गए थे, जिसके कारण बड़ी संख्या में हितग्राहियों की स्वीकृत आवास राशि लंबे समय से लंबित थी। इस वजह से कई परिवारों का मकान निर्माण कार्य अधूरा रह गया था और वे आर्थिक रूप से परेशान थे। इस गंभीर जनसमस्या को प्राथमिकता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने लगातार पहल की। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर इस विषय से अवगत कराया और संबंधित विभागों प्रधानमंत्री अवाश योजना के उपायुक्त आई एस तारण प्रकाश सिन्हा जी से शीघ्र समाधान की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों से निरंतर संवाद स्थापित कर समस्या के निराकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है और अब इस समस्या का समाधान कर लिया गया है। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की लंबित राशि शीघ्र जारी की जाए।


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26